

केरल के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 11 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# मैं कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहा: प्रधानमंत्री मोदी

● मेरी जोखिम लेने की क्षमता का अभी पूरी तरह उपयोग हुआ ही नहीं : मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह कोई वीआईपी नहीं बल्कि एक आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि वह कभी कम्फर्ट जोन में नहीं रहे और उनकी जोखिम लेने की क्षमता का अभी तक पूरी तरह से उपयोग नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में अपने बचपन, मित्रों, घर छोड़कर जाने, युवाओं के लिए दृष्टिकोण, गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों सहित कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत के प्रमुख शक्ति रूप में उभरने का जिक्र करते हुए कहा कि 2005 में जब वह एक विधायक थे, तब अमेरिका ने उनका वीजा रद्द कर दिया था। आज दुनिया भारत के वीजा के लिए कतार में खड़ी है। यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला पॉडकास्ट था। प्रधानमंत्री ने विचारधारा से ज्यादा आदर्शवाद की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और वीर सावरकर के रास्ते अलग-अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा 'स्वतंत्रता' थी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में अच्छा वक्ता होने से ज्यादा महत्व अच्छे से संवाद करना होता है। महात्मा गांधी लाठी लेकर चलते थे लेकिन बात अहिंसा की करते थे। यह उनके संवाद की ताकत थी। उन्होंने कभी टोपी नहीं पहनी लेकिन उनके आसपास लोग टोपी पहनते थे। उनका क्षेत्र राजनीति था लेकिन उन्होंने कभी राजसत्ता नहीं संभाली, कभी चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन उनकी समाधि राजघाट पर बनाई गई है। उन्होंने कहा, "मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधा के अनुसार अपना रुख बदल ले। मैं केवल एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं।" उन्होंने कहा, "अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, 'राष्ट्र पहले'। 'राष्ट्र पहले' टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती। इसने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं पुरानी चीजों को छोड़कर नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, शर्त हमेशा 'राष्ट्र पहले' की है।"



### पीएम मोदी ने गोधरा कांड को किया याद

**प्रधानमंत्री** ने 2002 के गोधरा कांड को याद करते हुए कहा कि 24 फरवरी 2002 को वह पहली बार विधायक बने और 27 फरवरी को विधानसभा गए। उन्होंने कहा कि जब गोधरा में ऐसी घटना हुई, तब वह तीन दिन पुराने विधायक थे। मोदी ने कहा, हमें सबसे पहले ट्रेन में आग लगने की खबर मिली, फिर धीरे-धीरे हमें हताहतों की खबरें मिलने लगीं। मैं सदन में था और मैं चिंतित था। जैसे ही मैं बाहर आया, मैंने कहा कि मैं गोधरा जाना चाहता हूं। वहां केवल एक ही हेलीकॉप्टर था। मुझे लगता है कि यह ओएनजीसी का था, लेकिन उन्होंने कहा कि चूंकि यह सिंगल इंजन है, इसलिए वे इसमें किसी वीआईपी को अनुमति नहीं दे सकते। हमारे बीच बहस हुई और मैंने कहा कि जो कुछ भी होगा, उसके लिए मैं जिम्मेदार रहूंगा। मैं गोधरा पहुंचा और मैंने वह दर्दनाक दृश्य, वे शव देखे। मैंने सब कुछ महसूस किया, लेकिन मुझे पता था कि मैं ऐसी स्थिति में बैठा हूं जहां मुझे अपनी भावनाओं और स्वाभाविक प्रवृत्ति से बाहर रहना होगा। मैंने खुद को नियंत्रित करने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, किया। यह पूछे जाने पर कि क्या समय के साथ उनकी जोखिम लेने की क्षमता बढ़ी है, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जोखिम उठाने की क्षमता का अभी पूरी तरह उपयोग हुआ ही नहीं है।

**विचारधारा**

▶▶ 2005 में जब वह एक विधायक थे, तब अमेरिका ने उनका वीजा रद्द कर दिया था। आज दुनिया भारत के वीजा के लिए कतार में खड़ी है

# विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीयः मुर्मु

**भागीदारी**

▶▶ विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि हमारा देश वर्ष-2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय मिशन में विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स अस्पताल में भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को तिहाड़ जेल से दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। छोटा राजन की सर्जरी के कारण उसे भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की माने तो यहां उसकी नाक की माइनर सर्जरी की जाएगी। खबर लिखे जाने तक अभी उसका ऑपरेशन नहीं हुआ है। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों की सलाह के बाद उसे तिहाड़ ले जाया जाएगा। राजन पर कई मामले दर्ज हैं। छोटा राजन को साल 2001 में होटल कारोबारी की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा हुई थी। जिसके बाद से ही वो तिहाड़ जेल में बंद है। जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम को राजन को जेल से अस्पताल भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि छोटा राजन का असली नाम राजेंद्र सदाशिव निकालजे है।

## केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र पर बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया है। महिलाओं के लिए अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

# तीन माह में अपराधियों पर लगाए अंकुश : नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के मामले में पुलिस को फ्री हैंड कर दिया गया है। पुलिस अधिकारी स्थिति के अनुसार निर्णय करते हुए कार्रवाई करेंगे। पुलिस अधिकारियों को अगले तीन माह के भीतर अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों, आईजी, डीजीआई व एडीजीपी स्तर के अधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च से पहले देश में बने तीन नये कानूनों को राज्य में पूरी तरह से लागू करने के आदेश दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव डा. विवेक जोशी, मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह सचिव डा. सुमिता मिश्रा, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और सीआईडी चीफ सौरभ सिंह समेत कई आलाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने साइबर व महिलाओं के प्रति अपराधों में आई कमी पर संतोष जताया और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की पीठ ठोंकी। उन्होंने पुलिस को साल 2025 में 70 प्रतिशत गांव और वार्डों को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य भी दिया।

**रिव्यू**

▶▶ मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में किया कानून-व्यवस्था कर रिव्यू

## विद्युत बोर्ड को अधिक दक्ष बनाया जाएगाः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमलाः मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, ऊर्जा विभाग व अन्य उपक्रमों ड्डी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड को और अधिक दक्ष व व्यावसायिक बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बोर्ड की गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए नवोन्वेषी प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में यह अवगत करवाया गया कि राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया



पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने सम्पन्न विद्युत उपभोक्ताओं से स्वैच्छिक तौर पर सब्सिडी छोड़ने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।





लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अगले साल भारत में आयोजित होने वाले 25वें कॉमनवेल्थ देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसओपीसी) का मुख्य फोकस संसदों के कामकाज में एआई और सोशल मीडिया के अनुप्रयोग पर होगा। उन्होंने यह टिप्पणी गर्नजी में आज आयोजित सीएसओपीसी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की।

## शिरोमणि अकाली दल बादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से सुखबीर का इस्तीफा मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**



**चंडीगढ़ः पंजाब** के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल का शिरोमणि अकाली दल बादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा शुक्रवार को मंजूर कर लिया गया । सुखवीर ने पिछले साल 16 नवंबर को पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। लेकिन अब तक यह इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया था।इसके साथ ही अकाली दल के पुनर्गठन के लिए कमेटी का गठन किया गया।
शिरोमणि अकाली दल की कार्य समिति की शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ ने की। लंबी चर्चा के बाद सुखबीर का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। सुखबीर ने उन सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया जिन्होंने उनका साथ दिया था। अब शिरोमणि अकाली दल का पुनर्गठन किया जाएगा और इस बाबत एक कमेटी बनाई गई है जो नए सदस्य बनाएगी। इससे पहले सुखबीर सिंह बादल के इस्तीफे की अटकलों के बीच चर्चा थी कि सुखबीर बादल को फिर से लॉन्च किया जाएगा।

## नवंबर में औद्योगिक उत्पादन 6 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आई तेजी के कारण नवंबर के महीने में देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गई है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि का ये पिछले 6 महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। इसके पहले अक्टूबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी। वहीं 1 साल पहले नवंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत रही थी। ये जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आज जारी आंकड़ों में दी गई है। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2024 के दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 5.8 प्रतिशत की दर से उत्पादन में वृद्धि हुई।

# वैश्विक समुदाय से एकजुटता बढ़ाने की जरूरतः सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्तमान सुरक्षा माहौल को देखते हुए वैश्विक समुदाय से एकजुटता बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई तरह के संघर्ष और चुनौतियां हैं, इसलिए समान विचारधारा वाले देशों को शांति और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिए। इसके बिना आने वाली पीढ़ियां आज के युग में आर्थिक विकास या तकनीकी नवाचारों का लाभ नहीं उठा पाएंगी। रक्षा मंत्री ने आज



एंबेसडर राउंड टेबल पर एयरो इंडिया का आधिकारिक टीजर वीडियो लॉन्च किया। एयरो इंडिया का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन, येलहंका में होगा। इससे पहले रक्षा मंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में एयरो इंडिया के मद्देनजर राजदूतों की गोलमेज बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आपसी समृद्धि और वैश्विक शांति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**आह्वान**

▶▶ एयरो इंडिया के मद्देनजर गोलमेज बैठक में राजनाथ ने विभिन्न देशों के राजदूतों से की वार्ता

**प्रक्रिया** उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी

# दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 05 फरवरी को मतदान और 08 फरवरी को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नई




विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है। अधिसूचना के अनुसार, ह्नजनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 15 और उसी धारा की उपधारा (2) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार उपराज्यपाल ने दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों को विधान सभा के लिए चुनाव कराने का आह्वान किया है। उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से उक्त अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों और आदेशों के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा के लिए सदस्यों का निर्वाचन करने का आह्वान करते हैं। चुनाव आयोग ने 7 जनवरी को दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की थी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब 17 जनवरी तक दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार अपना नामांकन कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 5 फरवरी को सभी सीटों के लिए मतदान होगा। मतों की गणना 8 फरवरी को होगी।दिल्ली विधानसभा 2025 के चुनावों के लिए 6 जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुल 1,55,24,858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर हैं।

**अधिनियम**

▶▶ कुल 1,55,24,858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर हैं

# महाकुंभ में 28 हजार शौचालय व 20 हजार यूरिनल स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत महाकुंभ के लिए 152.37 करोड़ रुपये की लागत से विशेष स्वच्छता प्रबंधन किए जा रहे हैं। महाकुंभ मेला परिसर में 28 हजार से ज्यादा शौचालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें सेप्टिक टैंक से लैस 12 हजार फाइबर रीइनफोर्स्ड प्लास्टिक शौचालय और सोखने के गड्ढों वाले 16,100 प्रीफैब्रिकेटेड स्टील शौचालय बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में 20 हजार सामुदायिक यूरिनल और 20 हजार कूड़ेदान भी स्थापित किए गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय ने यहां शुक्रवार को एक बयान जारी



कर बताया कि गंगा की पवित्रता बनाए रखना, प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाना महाकुंभ 2025 के आयोजन की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। इस आयोजन को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। महाकुंभ में सफाई व्यवस्था की आधुनिक तकनीक को पारंपरिक प्रथाओं के साथ जोड़कर स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण तैयार किया जा रहा है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में 25 साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी अजय कुमार दहिया (59) के रूप में हुई है। आरोपित हरियाणा में 20 साल से भेष बदलकर रह रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आठ अगस्त 2000 को उत्तम नगर थाने में कृष्णा सेठी नामक महिला ने अपने बेटे की गुमशुदगी और हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़िता ने अपनी बहू सरोज के ऊपर आरोप लगाया कि उसका अवैध संबंध अजय दहिया के साथ है। उन्होंने दोनों पर हत्या का शक जाहिर किया। जांच के दौरान मृतक अश्वनी सेठी का शव हरियाणा के बिरधाना से बरामद हुआ। अश्वनी को गोली मारी गई थी। स्थानीय पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। इधर मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपित की लंबे समय से तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित हरियाणा में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता कर आरोपित को दबोचा।

# पहले दिन नौ लोगों ने किया नामांकन

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद आज नामांकन के पहले दिन नौ लोगों ने नामांकन किया। इनमें से कोई भी बड़ी पार्टी का उम्मीदवार नहीं है। सभी नामांकन अलग-अलग सीटों पर किए गए। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नई विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है।


## उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद'**
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **कुल नौः (09) स्टॉलः** गुड़गांव, सब्जी मंडी, पलवल, दिल्ली दिल्ली कैंट, पानीपत, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर।
ख) **कुल बाईस (22) ट्राली** : दिल्ली सराय रोहिल्ला, ओखला, फरीदाबाद न्यू टाउन, तुगलकाबाद, बल्लभगढ़, खेकड़ा, नोली, बागपत रोड, बड़ौत, नांगलोई, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, सकोटी टांडा, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज मुरादनगर, देवबंद, खतौली, परतापुर और मोदीनगर स्टेशनों पर)
• गुड़गांव, सब्जी मंडी, पलवल, मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2,3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (मेरठ कैंट, खेकड़ा, बागपत रोड, ओखला, जुलाना, सांपला, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा और परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:–
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य /केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 15.01.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 124/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पूर्वांचलियों के मुद्दे पर भाजपा ने केजरीवाल के घर तक निकाला मार्च



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अशोक रोड से आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास तक पूर्वांचल सम्मान मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। उन्होंने पूर्वांचल के लोगों के खिलाफ कथित टिप्पणी का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों को काबू करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन चलाया और हिरासत में ले लिया। हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया।

एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में लक्ष्मीनगर से भाजपा विधायक अभय वर्मा, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, भाजपा नेता सुमित भसीन, पूर्वांचल मोर्चा सह प्रभारी कौशल मिश्रा एवं मनीष सिंह, महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सागर त्यागी, भाजपा कार्यालय मंत्री बृजेश राय, भाजपा प्रवक्ता शुभेन्दु शेखर अवस्थी, भाजपा नेता सतीश जिलानी, मोर्चा महामंत्री संजय तिवारी, विपिन बिहारी सिंह और हजारों पूर्वांचलवासी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि केजरीवाल पूर्वांचल समाज को जो शब्द बोले हैं, उसे वापस लेते हुए सभी से माफी मांगें। प्रदर्शनकारियों ने 5 फिरोजशाह रोड स्थिति केजरीवाल के आवास की ओर बढ़ते हुए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उनके ऊपर वाटर कैनन चलाकर रोका और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में मंदिर मार्ग थाना ले जाया गया। सांसद मनोज तिवारी प्रदर्शनकारियों से मिलने गए और वहां कुछ देर बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। मंदिर मार्ग थाने के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सिर्फ पूर्वांचलवासियों को ही नहीं बल्कि दिल्ली में रहने वाले ऑटो वाले, झुग्गी वाले और वे सभी कारीगर, जो दिल्ली में रोजगार के लिए रहते हैं, उन सब को गाली देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि संजय सिंह जो खुद पूर्वांचलवासी हैं, वह अपने नेता से ही पूछें कि क्या वह दोगले हैं, क्योंकि केजरीवाल सभी पूर्वांचलवासियों को दोगला कह रहे हैं। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि केजरीवाल हमेशा से ही पूर्वांचल समाज को गाली देने और उन्हें नीचा दिखाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। हम सबको वह मंजर याद है जब कोरोना के समय में पहले कहा कि आप सभी कियायेदारों को दिल्ली सरकार किराया देगी लेकिन जब कोरोना अपने चरम पर था, उस वक्त इन्होंने सभी को बस में भरकर आनंद विहार बॉर्डर पर मौत के मुंह में छोड़ दिया। हम लिट्टी चोखा खाएंगे लेकिन अपने स्वाभिमान के साथ हम कभी समझौता नहीं करेंगे। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने कहा कि केजरीवाल ने पूर्वांचल समाज को सिर्फ एक वोट बैंक समझा है और पिछले दस सालों से सिर्फ वोट लेकर उन्हें ठगने का काम किया है। केजरीवाल ने रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाकर पूर्वांचलवासियों को हमेशा ही नीचा दिखाने की कोशिश की।


## भारतीय रेल

**'सार्वजनिक अधिसूचना'**

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खण्ड | तारीख |
|---|---|
| तुगलकाबाद यार्ड में ट्रांसफर लाइन नंबर–1 | 20.01.2025 |

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/कर्षण वितरण
उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल
दिनांकः 10.01.2025 113/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना Corrigendum - 5

**निविदा सूचना क्रमांकः NR/Proj/UMB/Advt./01** **तारीखः 10.01.2025**
**निविदा संख्याः NR/Proj/UMB/25001**, उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग की निविदा बंद/खुलने की तिथि 27.01.2025 निर्धारित की गई थी। **प्रशासनिक कारणों से खुलने/बंद होने की संशोधित तिथि इस प्रकार होगी:**

| निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|
| 10.02.2025 at 15:00 Hrs. | 10.02.2025 at 15:30 Hrs. |

अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। 123/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश पुत्र स्व. श्री राज कुमार निवासी ई-516 मंगोलपुरी, दिल्ली** ने एक केस एफआईआर सं. **62/2019, अन्तर्गत धारा 323/324/341/506/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **62/2019, अन्तर्गत धारा 323/324/341/506/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.02.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/440/OD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज भारद्वाज**, पुत्र : श्री नाथन भारद्वाज, **पताः** मकान नं. बी–2/511, मेन विजय पार्क रोड, मोहनपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 706/2014 U/S 498A/406/34 IPC, थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज भारद्वाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज भारद्वाज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 706/2014 U/S 498A/406/34 IPC, थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पंकज भारद्वाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निधि बाला
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–03
कमरा नं. 08, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/289/NE/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता** निवासी 568, G.No.04, चंद्रलोक, शाहदरा, दिल्ली ने **CC no. 800/22, U/s 138 NI act.**, के अंतर्गत थानाः **एम.एस. पार्क**, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम गुप्ता** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC no. 800/22, U/s 138 NI act.**, थानाः **एम.एस. पार्क**, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शिवम गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वंशिका मेहता, JMFC-04,
कमरा नंबर 64, SHD, कडकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/390/SHD/2025



## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**
**खुली निविदा संख्या 55-अम्बाला/2024-25 दिनांक 09.01.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** अंबाला मंडल पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में वरिष्ठ मंडल अभियंता–प्रथम/यूएमबी के तहत सहायक मंडल अभियंता/सीडीजी के अनुभाग में विभिन्न स्टेशनों पर विश्राम सुविधा, पहुंच सड़क, मार्ग, जल आपूर्ति और अधीनस्थ कार्यों के लिए शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 53,35,979 | 1,06,700 | 04 महीने | 31/01/2025 |

2 **कार्य का नामः** कार्यकारी अभियंता, पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड अबोहर, पंजाब के लिए बीटीआई–एसजीएनआर सेक्शन पर अबोहर और पंजकोसी स्टेशनों के बीच किमी 74/7-8 के पास रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे से गुजरते हुए 20 तिरछे 1500 मिमी और 1700 मिमी डबल एम.एस. केसिंग पाइप के माध्यम से 1200 मिमीØ डीआई, के–9 सीवरेज पाइप बिछाने के संबंध में शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 51,21,474 | 1,02,400 | 04 महीने | 31/01/2025 |

3 **कार्य का नामः** एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/पीडब्ल्यू/यूएमबी के अनुभाग में यूएमबी–एसआरई, यूएमवी–एमओवाई, यूएमबी–डीकेटी, और यूएमबी–यूबीसी अनुभाग की दिशा में अंबाला कैंट यार्ड के प्रवेश द्वारों पर कूड़ा उठाना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 23,78 ,678 | 47,600 | 12 महीने | 31/01/2025 |

1 ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 108/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82252378 | नैनो डोसेटेक्सेल इंजेक्शन 80 मिलीग्राम | 584 Nos | 10/02/2025 |
| 2. | 82252397 | डेनोसुमैब इंजेक्शन 120 मिलीग्राम | 627 Nos | 10/02/2025 |
| 3. | 82252090 | रामूसिरूमब इंजेक्शन 500 मिलीग्राम | 48 Nos | 07/02/2025 |
| 4. | 82251034 | इंजेक्शन निवोलुमैब 40 मिलीग्राम | 180 Nos | 06/02/2025 |
| 5. | 82258959 | इंजेक्शन बेनरलिजुमाब 30 मिलीग्राम/एमएल पीएफएस | 55 Nos | 03/02/2025 |
| 6. | 82251041 | बेवाकिजुमैब इंजेक्शन 400 मिलीग्राम | 1000 Nos | 31/01/2025 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. इंजेक्शन और दवाएं दिनांक 10.01.2025 112/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक : 09.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 3**

**विषयः 138 अदद 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 18.02.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3.**

विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
129/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18241073 | कंटीन्यूअस पेपर कंप्यूटर स्टेशनरी | 3750 रिम | 03.02.25 |
| 02 | 19242115 | गियर व्हील 65 टीथ | 66 नग | 05.02.25 |
| 03 | 14250835 | रेफ्रिजरेंट (R-407C) गैस | 13264 किलोग्राम | 06.02.25 |
| 04 | 77246604 | 37 डिग्री एंगल प्रोब | 288 नग | 10.02.25 |

निविदा शर्ते – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 88/2024–2025 दिनांकः– 10.01.2025 131/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर 30 जनवरी को सुनवाई

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देने संबंधी आम आदमी पार्टी (आआपा) के चुनावी वादे के प्रचार पर रोक लगाने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग पर सुनवाई टाल दिया है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से किसी वकील के पेश नहीं होने के बाद सुनवाई टाल दी गई। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को करने का आदेश दिया। यह याचिका विजय कुमार ने दायर की है। 9 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि इस याचिका पर चुनाव याचिका के रूप में कैसे सुनवाई की जा सकती है।


## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी। जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-PnU Toi0125 | शिमला (प्लेटफार्म सं. – 1A) यमुनानगर जगाधरी (सिर्कुलाटिंग एरिया और प्लेटफार्म सं. 1), राजपुरा (मॉडर्न टॉयलेट प्लेटफार्म सं. –1), संगरूर ( प्लेटफार्म सं. 1) और अम्बाला शहर (प्लेटफार्म सं. 1 पर उच्च श्रेणी वेटिंग हॉल के पास और प्लेटफार्म सं. 1 पर 2nd श्रेणी वेटिंग हॉल के पास) | 22.01.2025 को 15:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें। 121/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। तृटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रताप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेशाम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। तृटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# भाजपा रमेश बिधूड़ी को बनाने जा रही सीएम चेहरा: आतिशी

## दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर भाजपा को वोट दिया तो गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री बनेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा रमेश बिधूड़ी को अपना मुख्यमंत्री चेहरा बनाने जा रही है। दिल्ली के लोगों को पता है कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर भाजपा को वोट दिया तो गाली देने वाले रमेश बिधूड़ी मुख्यमंत्री बनेंगे। आतिशी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आज सुबह भाजपा की सीईसी बैठक में यह तय हुआ है। शाम को संसदीय समिति की बैठक में इस फैसले पर मोहर लग जाएगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्लीवालों के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ पढ़े-लिखे और काम करने वाले नेता अरविंद केजरीवाल और दूसरी तरफ गाली-गलौंज करने वाले रमेश बिधूड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिन पहले रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उनके साथ गाली-गलौज की। उसके अगले दिन रमेश बिधूड़ी ने मेरे और मेरे परिवार के बारे में अपशब्द कहे। इसी का रमेश बिधूड़ी को इनाम मिल रहा है।






**आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाया वोट खरीदने का आरोप:** सांसद संजय सिंह और आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर वोट खरीदने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी तीखा हमला बोला। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज संजय सिंह ने बेहद विस्फोटक खुलासा किया है। दिल्ली के लोग पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि भाजपा पार्टी के कुछ नेता दिल्ली में खुलेआम लोगों को प्रति व्यक्ति 1100 या 1000 रुपये दे रहे हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट कर कहा कि भाजपा पार्टी दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है, इसलिए वो अब पैसे से वोट खरीदकर चुनाव लड़ना चाहती है। उनका सभी लोगों से अनुरोध है कि पैसे बांटने से जुड़ा वीडियो को सोशल मीडिया में हर जगह खूब फैला दो और सबको उस पार्टी की सचाई बता दो। वहीं मनीष सिसोदिया ने एक्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा पार्टी ने दिल्ली के चुनाव में फजीर्वाड़ा की सारी हदें पार कर दी हैं। वहीं प्रेस वार्ता में सांसद संजय सिंह ने आरोप

**दावा**

▶▶ रमेश बिधूड़ी ने मेरे और मेरे परिवार के बारे में अपशब्द कहे। इसी का रमेश बिधूड़ी को इनाम मिल रहा

### आप ने सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने सनातन सेवा समिति के गठन के बाद शुक्रवार को इसके पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। आआपा ने सनातन सेवा समिति का प्रदेश प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज को बनाया है, जबकि विजय शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। आआपा के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष समेत 8 पदाधिरियों की सूची जारी की है। इस समिति का उद्देश्य पुजारियों और संतों को एक मंच प्रदान करना है, जो सनातन धर्म के लिए काम कर रहे हैं। पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल से प्रभावित होकर भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ को छोड़कर सैकड़ों पुजारी और संत आआपा के सनातन सेवा समिति में शामिल हो चुके हैं। गोपाल राय द्वारा सनातन सेवा समिति के पदाधिकारियों की जारी सूची के अनुसार, घनेंद्र भारद्वाज को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

# केंद्र ने राज्यों के लिए 1,73,030 करोड़ रुपये जारी किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कर हस्तांतरण के रूप में राज्यों के लिए कुल 1,73,030 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इसके पहले दिसंबर के महीने में भी केंद्र ने राज्यों के लिए 89,086 करोड़ रुपये हस्तांतरण किये थे। राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उन्हें विकास तथा कल्याण संबंधी खर्च के वित्तपोषण में सक्षम बनाने के लिए इस महीने अधिक राशि हस्तांतरित की गई है।

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के लिए 31,039.84 करोड़ रुपये, बिहार के लिए 17,403.36 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश के लिए 13,582.86 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल के लिए 13,017.06 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 10,930.31 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 10,426.78 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों के लिए भी केंद्रीय करों और शुल्कों का वितरण किया गया है।

**फंड**

▶▶ केंद्र ने उत्तर प्रदेश के लिए 31,039.84 करोड़ रुपये, बिहार के लिए 17,403.36 करोड़ रुपये जारी किए।

# एआईसीटीई ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा पर 13 हिंदी पुस्तकों का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने हिन्दी भाषा में लिखी गई 13 पुस्तकों का विमोचन किया। यह पुस्तकें तकनीकी और प्रबंधन विषयों पर पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत प्रकाशित हुई हैं। इस मौके पर प्रो. राजीव कुमार ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा को हिंदी भाषी पाठकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इन विषयों पर हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करने की पहल की सराहना की और इसे समावेशी शिक्षा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने उच्च शिक्षा में भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम के प्रयासों की भी प्रशंसा की। प्रो. कुमार ने कहा कि ये पुस्तकें केवल संकाय सदस्यों और छात्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सभी के लिए ज्ञान प्राप्त करने का संसाधन हैं। इन 13 पुस्तकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण अध्ययन, चित्रकला, कला और भारतीय मूल्यों से प्रेरित नीतियों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है।



# गोकलपुरी थाने की चौथी मंजिल पर लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोकलपुरी थाने की चौथी मंजिल में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। खबर मिलते ही दमकल की दो गाड़िया मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। शुरूआती जांच में पता चला है कि आगचौथी मंजिल पर स्थित एक कमरे में लगी थी। उस कमरे में कुछ एलईडी पैनल और कंप्यूटर सिस्टम व फर्नीचर रखे हुए थे। आग में तीन एलईडी पैनल, दो कंप्यूटर सिस्टम जल कर राख हो गये। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 1.20 बजे सूचना मिली कि गोकलपुरी थाने की चौथी मंजिल पर आग लग गई है। खबर मिलते ही एक एक कर दमकल की दो गाड़ियों को मौके भेजा गया। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



# वीर गाथा 4.0 प्रतियोगिता में 2.31 लाख स्कूलों के 1.76 करोड़ छात्रों ने लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल 'वीर गाथा 4.0' के चौथे संस्करण को देश भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस वर्ष लगभग 2.31 लाख स्कूलों के लगभग 1.76 करोड़ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर 100 विजेताओं का चयन किया गया है, जिन्हें कर्तव्य पथ पर विशेष अतिथि के तौर पर गणतंत्र दिवस परेड देखने का मौका मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार विजेताओं को चार श्रेणियों में बांटकर 25-25 का समूह बनाया गया है। सुपर 100 विजेताओं में पहले वर्ग में कक्षा 3-5, मध्य वर्ग में कक्षा 6-8, माध्यमिक वर्ग में कक्षा 9-10 और माध्यमिक वर्ग में कक्षा 11-12 के 25-25 विजेताओं के नाम घोषित किये गए हैं। प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 पिछले साल 5 सितंबर को लॉन्च किया गया था, जिसमें निबंध और पैराग्राफ लेखन के लिए कई प्रेरक विषय प्रस्तुत किए गए। छात्रों को अपने चुने हुए रोल मॉडल के बारे में लिखने का अवसर मिला। उन्हें रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरक जीवन, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस प्रोजेक्ट में स्कूलों ने स्थानीय स्तर पर गतिविधियां आयोजित कीं। इसके अलावा वीरता पुरस्कार विजेताओं ने राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम (ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों) आयोजित किये गए। विविध विषयों ने न केवल प्रविष्टियों की गुणवत्ता को बढ़ाया, बल्कि प्रतिभागियों की भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की समझ को भी व्यापक बनाया। स्कूल स्तर की गतिविधियां 31 अक्टूबर को समाप्त हो गईं। राज्य और जिला स्तर पर मूल्यांकन के बाद राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के लिए लगभग 4,029 प्रविष्टियां भेजी गईं। इसमें से शीर्ष 100 प्रविष्टियों को सुपर 100 विजेताओं के रूप में चुना गया। मंत्रालय के मुताबिक इन विजेताओं को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की ओर से संयुक्त रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा और विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर के 100 विजेताओं के अतिरिक्त राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर आठ विजेताओं (प्रत्येक श्रेणी से दो) और जिला स्तर पर चार विजेताओं (प्रत्येक श्रेणी से एक) का चयन किया जाएगा और उन्हें राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला प्राधिकारियों की ओर से सम्मानित किया जाएगा।




**परेड देखेंगे**

▶▶ राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 100 सुपर विजेता गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि होंगे

# आईपी यूनिवर्सिटी के इंटर्नेशनल डूअल डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। गुरु गोबिंद** सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने पोलैंड के एजीएच यूनिवर्सिटी ऑफ क्राको के साथ इंटर्नेशनल डूअल डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। विश्वविद्यालय के शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह डूअल डिग्री मास्टर ऑफ साइंस प्रोग्राम (डिजिटल प्रोडक्शन फॉर सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग) अकादमिक वर्ष 2025-2026 के लिए ऑफर किया जा रहा है। इस प्रोग्राम की खास बात यह है कि छात्रों को केवल जीजीएसआईपीयू की ट्यूशन फीस देनी होगी, बिना किसी अतिरिक्त यूरोपीय ट्यूशन फीस के। इस चार-सेमेस्टर प्रोग्राम में छात्रों को पहले दो सेमेस्टर एजीएच यूनिवर्सिटी में और तीसरा और चौथा सेमेस्टर जीजीएसआईपीयू में पूरा करना होगा। ग्रेजुएट्स जिन्हें किसी भी विषय में कम से कम 60 प्रतिशत अंक हैं और जिन्होंने गणित, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र या ऑपरेशनल रिसर्च में कम से कम एक कोर्स किया है, वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। प्रवेश कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर होगा। उसके उपरांत व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा।

**एडमिशन**

▶▶ ऑफ क्राको के साथ इंटर्नेशनल डूअल डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है




# आदर्श नगर एक्सटेंशन में शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क, सुनीं जनसमस्याएं

- दादा मंगतराम सिंघल की बनाई हुई रणनीति से शिवांक सिंघल चुनाव प्रचार को दे रहे गति
- केजरीवाल ने पिछले 12 वर्षों में सिफ अपना और पार्टी का विकास किया: शिवांक सिंघल











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जैसे-जैसे वोटिंग के दिन नजदीक आ रहे हैं, प्रत्याशियों की जनता के बीच मौजूदगी भी बढ़ रही। प्रत्याशी क्षेत्र की जनता से समस्याएं सुन रहे हैं वहीं अपनी और पार्टी की नीतियों, योजनाओं से अवगत करा रहे हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल का हुआ भव्य स्वागत**

इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में डोर-टू-डोर प्रचार अभियान को जारी रखते हुए लोगों के बीच पहुंचे। शिवांक सिंघल ने शिव मंदिर आदर्श नगर एक्सटेंशन से जनसंपर्क की शुरूआत की। जनसंपर्क के दौरान भारी जनसमर्थन देखने को मिल रहा। क्षेत्र की जनता शिवांक का फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन कर उनका स्वागत कर रही है। प्रचार के दौरान शिवांक के साथ उनके दादा मंगत राम सिंघल भी कदमताल करते देखे जा रहे हैं। ज्ञात रहे कि तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे मंगतराम सिंघल की इस क्षेत्र पर गहरी पकड़ रही है। यही कारण है कि दादा जी के अनुभव का फायदा शिवांक सिंहल को मिलना लाजमी है।

**केजरीवाल ने सिर्फ झूठ की राजनीति की:** मंगत राम सिंघल: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति पर गहरी पकड़ रखने वाले पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में दिल्ली में विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है। आम आदमी पार्टी वाले शिक्षा क्रांति की बात करते हैं मैं आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चैलेंज करता हूं कि आप के नेता बताएं उन्होंने दिल्ली में कितने स्कूलों का निर्माण कराया। कितने विश्वविद्यालय बनवाएं। सिर्फ हवा-हवाई बातें हैं और जब जनता सवाल पूछती है तो आम आदमी पार्टी के नेता बगले झांकने लगते हैं। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कहता हूं कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस जीत का परचम लहराएगी।

**शिवांक सिंघल लोगों से घर घर जाकर कर रहे जनसंपर्क :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किया है और मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद अमलीजामा पहनाउंगा। शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण होगा।







# शानदार परिणाम से बढ़ रही है हरियाणा की ताकत: अरविंद

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि अंतरिक्ष से लेकर दुनिया भर में भारतीय उपलब्धियों में हरियाणा का योगदान निरन्तर बढ़ रहा है। दुनिया के आधे से अधिक देशों में हरियाणवीं उत्पादों का डंका बज रहा है। चंद्रयान से लेकर सेना, स्वास्थ्य व वाहन निर्माण क्षेत्र में हरियाणवीं नट-बोल्ट के इस्तेमाल से प्रदेश की ताकत बढ़ रही है। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से आह्वान किया कि हरियाणा उनके स्वागत के लिए सर्वोत्तम अनुकूल माहौल के साथ तत्पर है। भुवनेश्वर, ओडिशा में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के तीसरे दिन हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ गेटवे आफ विकसित भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया व





विदेश मंत्री एस जयशंकर के सत्र नारी शक्ति व प्रवासी महिलाओं के प्रभाव का उत्सव व संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सत्र अपनेपन और सांस्कृतिक संवाद की कहानियां में भागीदारी की। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भारतीय प्रवासियों से संवाद के दौरान बताया कि अंतरिक्ष में भारतीय तिरंगे का डंका बजाने वाले चंद्रयान 3 में रोहतक के नट-बोल्ट लगे हुए थे। यही नहीं, चाहे मेट्रो उपकरणों की बात हो या मेडिकल मशीनों में उपयोग होने वाले नट-बोल्ट का सबसे बड़ा उत्पादक हरियाणा है। इसके अलावा उन्होंने सहकारिता का जिक्र करते हुए बताया कि मलेशिया, आबू धाबी सहित कई देशों में हैफेड उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल, शिक्षा, उद्योग में शानदार परिणाम से बढ़ रही है हरियाणा की ताकत निरन्तर बढ़ रही है।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ गेटवे आफ विकसित भारत का किया अवलोकन**

हरियाणा के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के तीसरे दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व ओडिशा मंत्रिमंडल से सदस्यों के साथ गेटवे आफ विकसित भारत का अवलोकन किया। इसमें समाहित चार प्रदर्शनियों में सबसे पहली विश्वरूप राम पर आधारित प्रदर्शनी रही, जिसमें रामायण की सार्वभौमिक विरासत में पारम्परिक व समकालीन कला रूपों के माध्यम से महाकाव्य का अवलोकन किया। इसी प्रकार दूसरी प्रदर्शनी में दुनिया में प्रौद्योगिकी के विकास में भारतीय प्रवासियों के योगदान को बेहतरीन तरीके से दर्शाया गया। भारत की धरती से विश्व में फैले भारतीय प्रवासियों के प्रसार और विकास के दुर्लभ दस्तावेज पर आधारित प्रदर्शनी में विकास यात्रा गौरान्वित करने वाली रही। इसी प्रकार चौथी प्रदर्शनी में ओडिशा की समृद्ध विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं पर उल्लेखनीय व ज्ञानवर्धक जानकारी सांझा की गई थी।

**38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का होगा भव्य आयोजन**

विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भारतीय प्रवासियों से संवाद करते हुए बताया कि हरियाणा द्वारा दिल्ली से सटे फरीदाबाद में 7 फरवरी से 23 फरवरी तक 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोगी के तौर पर बिम्सटेक बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड एवं राज्य सहयोगी के तौर पर ओडिशा व मध्यप्रदेश भागीदारी करेंगे।

**अनुकूल माहौल**

**खेल, शिक्षा, उद्योग में शानदार परिणाम से बढ़ रही है हरियाणा की ताकत, भारतीय प्रवासियों को सर्वोत्तम अनुकूल माहौल**

# गरीबी के आंकड़ों ने उजागर कर दी बीजेपी की नाकामी- हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार की कारगुजारी को खुद उसी के आंकड़े उजागर कर रहे हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भाजपा राज के दौरान हरियाणा देश का सबसे गरीब राज्य बन गया है, जहां 75% आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की कुल आबादी 2 करोड़ 80 लाख है। यह बेहद दुखद है कि इसमें से 2 करोड़ 11 लाख लोगों को बीजेपी ने गरीब की दलदल में धकेल दिया है। इनके बीपीएल होने का मतलब है कि इतनी बड़ी आबादी को बीजेपी सरकार उचित रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी, उचित स्वच्छता और सुरक्षित आवास नहीं दे पा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को उठाया था। उस वक्त हरियाणा में 70% आबादी बीपीएल दिखाई गई थी। सरकार ने इसकी जांच करने की बात कही थी। लेकिन जांच के बाद यह आंकड़ा 5% और बढ़ गया। यानी प्रदेश में गरीबी बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने और विकास के हर पैमाने पर देश का नंबर वन राज्य था। लेकिन बीजेपी ने 10 साल में बेरोजगारी, महंगाई, कर्ज और गरीबी में हरियाणा को देश का नंबर वन राज्य बना दिया। सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि बीजेपी सरकार के दौरान हरियाणा की अर्थव्यवस्था बैक गियर में चल रही है।

## न्यूज फ्लैश

### गौसेवा आयोग के चेयरमैन व सभी सदस्य करेंगे गौशालाओं का दौरा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कड़ाके की ठंड व उग्रदराज गोवंश की गौशालाओं में हो रही मौतों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने गौसेवा आयोग के चेयरमैन सहित सभी सदस्यों को निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से प्रदेश की सभी गौशालाओं का दौरा करें और वहां गौवंश के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लें। इसके अलावा गौशालाओं में गौवंश के स्वास्थ्य की जांच के लिए वेटनरी सर्जन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह संज्ञान कैथल गौशाला में हुई गौवंश की मृत्यु पर लिया है और ये निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने गौसेवा आयोग के चेयरमैन व सदस्यों से कहा कि वे हरियाणा सरकार द्वारा गौवंश के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों व योजनाओं की जानकारी भी दें, ताकि गौशाला संचालक इन योजनाओं को अपना कर गौवंश के कल्याण में योगदान दे सकें।

### स्कूल बस दुर्घटना में बच्चे की मौत मामले में कार्रवाई न करने पर विज ने एएसआई को किया निलंबित

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने लापरवाह अफसरों पर सख्त कार्रवाई का सिलसिला जारी रखते हुए शुक्रवार को कैथल में कष्ट निवारण समिति की बैठक में पुलिस के एक ए एस आई को निलंबित करने का आदेश दे दिया। मामला कितान्ना गांव का था जहां स्कूल बस लापरवाही से चलाने के कारण आठ वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गई। मृतक बच्चे के पिता पवन कुमार ने इस मामले में शिकायत की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विज ने बस संचालक प्राइवेट स्कूल के खिलाफ उचित कार्रवाई न करने वाले ए एस आई सुखदेव सिंह को निलंबित कर दिया। कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान मामलों की सुनवाई करते हुए विज ने निलंबन आदेश दिए। अमर पब्लिक स्कूल के प्रबंधन और लापरवाह बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए गए। साथ ही, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। शिकायत में स्कूल प्रबंधन पर राजीनामा के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा था, जिसकी सख्ती से जांच की जाएगी। मंत्री विज ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। मामले को प्रशासनिक और कानूनी दोनों स्तरों पर गंभीरता से लिया जाएगा।

### हांसी ऑटो मार्केट में अवैध झुग्गी-झोपड़ियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा

**हिसार।** हांसी प्रशासन एवं एचएसवीपी की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नई ऑटो मार्केट में अवैध रूप से बनाई गई झुग्गी-झोपड़ी को हटाने के लिए संयुक्त अभियान चलाया। एसडीएम राजेश खोथ की मौजूदगी में ऑटो मार्केट में निर्मित झुग्गियों को जेसीबी की मदद से गिरा दिया तथा ऑटो मार्केट के पास कब्जा तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का काम करने वालों के सामान को भी जेसीबी की मदद से हटवाया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को चले इस अभियान के दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि ऑटो मार्केट में सिर्फ मरम्मत के लिए आने वाली गाड़ियां खड़ी की जा सकती हैं। जो गाड़ियां लंबे समय से यहां खड़ी हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा लिया जाए, नहीं तो प्रशासन इनको कब्जे में लेकर इनकी नीलामी कर देगा और वाहन मालिकों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### थल में गौवंश की मौत पर डीसी ने बनाई निगरानी कमेटी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने जींद रोड स्थित गौशाला में गायों की मौत पर संज्ञान लेते हुए गौवंश के लिए मूलभूत सविधाएं और समुचित प्रबंधों की व्यवस्था की निगरानी को लेकर एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता को अध्यक्ष तथा जिला नगर आयुक्त द्वारा नामित प्रतिनिधि, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप निदेशक, संबंधित गोशाला के प्रधान को सदस्य बनाया गया है।

# ह्यूमन मेटान्यूमोबायरस से निपटने के लिए रोहतक पी जी आई में खास तैयारी


टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को लेकर हरियाणा हाई अलर्ट पर है। केंद्र की सलाह के बाद रोहतक स्थित पी जी आई में मरीजों के आइसोलेशन के लिए स्पेशल वार्ड बना दिया गया है। इसमें सामान्य मरीजों को रखने के लिए, 15 बेड लगाए गए हैं। वहीं गंभीर मरीजों को रखने के लिए 4 बेड का आई सी यू तैयार किया गया है। बेड पर 24 घंटे ऑक्सीजन भी उपलब्ध रहेगी। वेंटिलेटर भी लगाए गए हैं। इसके साथ इस वायरस के टेस्ट भी निःशुल्क किए जाएंगे। हालांकि अभी तक हरियाणा में कोई एच एम पी वी वायरस का केस नहीं मिला है।

स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पी जी आई के डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इसका असर 2005 में भी देखा गया था।डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि सरकार के आदेश मिलने के बाद पी जी आई में इस वायरस से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मरीजों को आइसोलेशन के लिए वार्ड बनाया है। इसके साथ एक नोडल अधिकारी भी बनाया गया है।उन्होंने कहा कि यह नया वायरस नहीं है, इसका असर 2005 में भी देखा गया था। इस वायरस को लेकर लोगों को ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। इस वायरस से मौत होने का खतरा कम है। फिर भी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है उन्होंने कहा कि एच एम पी वी वायरस बच्चों और बुजुर्गों को अधिक चपेट में ले रहा है। अगर किसी को खांसी, बुखार, गले में दर्द है तो यह इसके शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसी सूरत में उन्हें तुरंत इसकी जांच करानी चाहिए।

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने एच एम पी वी वायरस को लेकर कहा था कि प्रदेश में अभी तक कोई संक्रमण का मामला नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। सभी सिविल सर्जनों को इन्फ्लूएंजा, एच एम पी वी, रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) और अन्य रोगों के उपचार के लिए जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा विभागों को ऑक्सीजन प्लांट और लैब भी चालू हालत में रखने के आदेश दिए जा चुके हैं।

एच एम पी वी के देश में कुल 12 मामले हो गए हैं। गुरुवार को 3 नए केस मिले हैं। महाराष्ट्र और गुजरात में 3-3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं। केस सामने आने के बाद इन राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है।



**पूरी तरह तैयार**

**अगर किसी को खांसी, बुखार, गले में दर्द है तो यह इसके शुरूआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसी सूरत में उन्हें तुरंत इसकी जांच करानी चाहिए**

# कैथल में मनरेगा संबंधी मामले पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैथल में मनरेगा से संबंधित प्रकाशित खबरों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एबीपीओ, सीवन सहित 4 जूनियर इंजीनियरों को तुरंत प्रभाव से उनके वर्तमान कार्यभार से मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उच्चाधिकारियों को इस मामले की जांच कर अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ अखबारों में जिला कैथल में मनरेगा से संबंधित खबरें प्रकाशित हुई, जिनमें भ्रष्टाचार का मामला उठाया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए एबीपीओ, सीवन और सरस्वती हेरिटेज डिवीजन-3 के चार जूनियर इंजीनियर्स को तुरंत प्रभाव से उनके वर्तमान कार्यभार से मुक्त कर उन्हें अपने-अपने निदेशालय/मुख्यालय पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक को आदेश दिए गए हैं कि संबंधित मामले की जांच की जाए और कोई भी अनियमितताएं पाई जाती हैं तो कानून/नियमानुसार उपयुक्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**दिशा-निर्देश**

**5 कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से वर्तमान कार्यभार से किया मुक्त अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश**

# मैं हर समय जनता की सेवा के लिए उपलब्ध हूं- कृषि मंत्री श्याम सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: हरियाणा के कृषि एवं** किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर जिला के गांव सांगीपुर, सढ़ूरा, गांव पूर्णगढ़, बुबका, रतनगढ़ माजरा, भगवानगढ़, फतेहगढ़ तथा ठसका का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को प्रगति के मामले में और आगे ले जाएंगे।

# हरियाणा खेलों में आगे है और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगा: मनोहर

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों में हमेशा से आगे रहा है और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगा। सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान खेल के क्षेत्र में दी गई सुविधाओं की बदौलत यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक हासिल करके प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को करनाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया की स्मार्ट सिटी करनाल परियोजना के तहत करीब 59 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित की गई है। इनमें करीब 44 करोड़ की लागत से इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन शामिल है, इस कॉम्पलेक्स में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर को स्विमिंग पूल बनाया गया है, जोकि प्रदेश में पहला है। इस स्विमिंग पूल के बनने से हरियाणा प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और वे यहां की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा का युवा कुश्ती, कबड्डी तथा तैराकी में गहन रुचि रखता है। तैराकी तो गांव के युवा खेल-खेल के माध्यम से गांवों के तालाबों में आसानी से सीख जाते हैं लेकिन बदलते परिवेश में खेलों के क्षेत्रों में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना जरूरी है। करनाल मे इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में स्थापित स्विमिंग पूल तैराकी के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा हमेशा से किसानों की भलाई के लिए काम किया है और नई-नई योजनाएं लागू करके किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की कोई समस्या है तो उसका समाधान आपस में बैठकर निकाला जा सकता है।

केंद्र सरकार इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न में कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के हरियाणा प्रदेश में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं व घटते लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन का सहयोग भी जरूरी है, इस कार्य में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को आगे आकर समाज में जागृति लानी होगी।

**सुविधाएं**

**स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में स्थापित स्विमिंग पूल तैराकी के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा**

# हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को प्रदान किया है सुरक्षा कवच प्रदान-राव नरबीर सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़: हरियाणा के सैनिक व** अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। केंद्र सरकार द्वारा 15 जुलाई 2022 से आरंभ की गई अग्निपथ नामक योजना के तहत सेना के तीनों अंगों थल, जल व वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती की गई है, जिसमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों की सेवाएं नियमित की जाएंगी। अग्निवीरों का पहला बैच जुलाई 2026 में पूरा होना है, जबकि हरियाणा मंत्रिमंडल ने इससे



पहले ही हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा से वर्ष 2022-23 के दौरान 1830 तथा 2023-24 के दौरान लगभग 2215 युवा अग्निवीर के रूप में थल, जल व वायु सेना में भर्ती हुए थे। मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि अग्निवीरों को पुलिस, खनन गार्ड, जेल वार्डन तथा एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत होरिजेन्टल आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी की सीधी भर्ती में 5 प्रतिशत तथा ग्रुप में 1 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्निवीर के पहले बैच के युवाओं को 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इसके अलावा उनको संयुक्त पात्रता परीक्षा से भी छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अग्निवीर स्वरोजगार या उद्यमशीलता को अपनाना चाहते हैं उन्हें भी 5 लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध करवाया जाएगा।

# सोनिया अग्रवाल महिला आयोग के उपाध्यक्ष पद से बर्खास्त

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को पद से बर्खास्त कर दिया है। सोनिया अग्रवाल भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार की जा चुकी है। महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार की ओर से बर्खास्तगी के आदेश जारी हो गए हैं।

पिछले 15 दिसंबर को हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल और उनके कार चालक कुलबीर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एसीबी की टीम ने कुलबीर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने सोनिया अग्रवाल को उनके घर से गिरफ्तार किया था। हालांकि सोनिया अग्रवाल का कहना था कि उनको फंसाया गया है। सोनिया अग्रवाल की गिरफ्तारी के करीब 25 दिन बाद उनको पद से बर्खास्त करने के आदेश दिए गए हैं। दरअसल, ए सी बी ने दोनों को 1 लाख रुपए रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। एसीबी ने सोनिया अग्रवाल के खरखौदा स्थित आवास पर छापा डाला था। हालांकि उनके आवास की तलाशी के दौरान कोई राशि बरामद नहीं हुई थी। इन पर आरोप है कि सोनिया के कार चालक कुलबीर ने हिसार में जेबीटी टीचर से एक लाख रुपए लिए थे। शिकायतकर्ता टीचर का कहना है कि रुपए लेने के बाद कुलबीर ने महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को फोन कर मामले का निपटारा करने को कहा था।

सोनिया को खरखौदा और कुलबीर को हिसार से पकड़ा गया था। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने टीचर और उसकी पुलिसकर्मी पत्नी का विवाद निपटाने के बदले में एक लाख रुपए की रिश्वत लेने का प्लान बनाया था।

# पार्क के खराब रखरखाव से नाराज अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए आदेश

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सेवा का अधिकार (आरटीएस) आयोग ने सेक्टर-6, पंचकूला स्थित टोपारी पार्क में लापरवाही बरतने व बुनियादी ढांचे की खराब गुणवत्ता पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जुर्माने के साथ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। आयोग के प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता और आयोग के सलाहकार जिनसन जॉर्ज चाको तथा विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पार्क का दौरा करने उपरांत यह कार्रवाई की गई है। टीम द्वारा जांच के दौरान देखा गया कि पार्क में ईपीडीएम-पथ हाल ही में बिछाया गया था और तीन साल की वारंटी होने के बावजूद निर्माण के कुछ महीनों के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गया, जो स्पष्ट रूप से निर्माण के दौरान गैर-पर्यवेक्षण तथा संभावित भ्रष्टाचार को दर्शाता है। यह देखा गया कि अशोक राणा, एसई, इलेक्ट्रिकल, एचएसवीपी, जो एसई, बागवानी का कार्यभार संभाल रहे थे, ने इस कार्य को करवाया था और इसलिए सीए, एचएसवीपी को इसकी जांच करने, इस चूक के लिए जिम्मेदारी तय करने और 31 जनवरी, 2025 तक आयोग को रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि वह आरोपपत्र जारी करके निर्माण पर किए गए अनावश्यक व्यय की राशि वसूलने पर विचार कर सकता है। एसडीई (सिविल), एमसी, पंचकूला को यह पता लगाने का निर्देश दिया गया है कि जिमखाना क्लब के सामने वर्षा के समय जल निकासी व्यवस्था मौजूद है या नहीं। इसके अतिरिक्त, एसडीई को पिछले दो वर्षों (अक्टूबर 2022 से अक्टूबर 2024 तक) में जल निकासी व्यवस्था पर की गई किसी भी सफाई का विवरण देना होगा, साथ ही दावों को प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। आयोग ने एक्सईएन, पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) को एक व्यापक वर्षा जल निकासी योजना तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाहर से पानी पार्क में प्रवेश न करे और दूसरा यह सुनिश्चित किया जाए कि पार्क में बारिश का पानी उन जगहों पर जमा हो जहाँ वर्षा जल संचयन संरचना लगाई गई है ताकि इसे जल्दी से निकाला जा सके। मुख्य आयुक्त ने पाया कि शौचालय बहुत बुरी अवस्था में थे और सार्वजनिक उपयोग के लिए अनुपयुक्त थे। सामान्य रखरखाव और सफाई के मुद्दों के अलावा, फ्लश भी काम नहीं कर रहा था। एचएसवीपी के एक्सईएन (बागवानी) को उनकी सफाई सुनिश्चित करने और सफाई के बाद सबूत के तौर पर तस्वीरें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17(1)(एच) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत, आयोग ने प्रत्येक शौचालय के लिए 2,500 रुपये का जुर्माना लगाया है, यानी कि संबंधित एक्सईएन, एसडीई या अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से कुल 5,000 रुपये काटे जाएंगे। एक्सईएन (बागवानी), पीएमडीए से अनुरोध है कि वे जांच करें और 17 जनवरी, 2025 तक इस संबंध में आयोग को एक रिपोर्ट भेजें।

**सख्ती**

**एक्सईएन, एसडीई या अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से कुल 5,000 रुपये काटे जाएंगे**

# मनोहर लाल ने करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत दी करीब 59 करोड़ के तीन प्रोजेक्ट की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्रीय ऊर्जा,** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को करनाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत शहर को 59 करोड़ के तीन प्रोजेक्ट की सौगात दी। उन्होंने करनाल के सेक्टर-32 में बनाए गए इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सेक्टर-9 में क्रिकेट ग्राउंड और शक्ति कॉलोनी में बनाए गए महिला आश्रम का उद्घाटन किया। मनोहर लाल सर्वप्रथम सेक्टर-32 में पहुंचे। यहां उन्होंने 44 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इनडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन किया। उन्होंने पूरे परिसर का अवलोकन



किया और वहां मौजूद जिम, बैडमिंटन हॉल, स्वीमिंग पूल की बारीकी से जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने आमजन को संबोधित किया और उन्हें इस इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की बधाई दी। मनोहर लाल ने इसके उपरांत सेक्टर-9 में 1.75 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन किया। उन्होंने यहां मौजूद खिलाडि?ों से मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाडि?ों को व करनालवासियों को क्रिकेट ग्राउंड की बधाई दी। इसके उपरांत उन्होंने करनाल की शक्ति कॉलोनी में 13 करोड़ की लागत से बनाए गए महिला आश्रम का उद्घाटन किया।

**इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में यह है खास**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स 44 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है, जो 2 एकड़ में बनाया गया है। इस कॉम्पलेक्स में एक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल बनाया गया है, जिसमें 10 लेन जो कि 50 मीटर गुणा 25 मीटर है। पूल हीटिंग, फिल्टरेशन, लाइटिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसके साथ-साथ इस इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में वार्म अप पूल बनाया गया है, जिसका साईज 25 मीटर गुणा 21 मीटर है। एक बैडमिंटन हॉल बनाया गया है। इसमें 5 कोर्ट हैं। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शॉवर रूम, प्रसाधन, गर्म पानी के लिए गीजर, लॉकर का भी अलग-अलग प्रावधान है। व्यायाम के लिए हॉल बनाया गया है। इसके साथ-साथ आफिस रूम बनाया गया है। 6 से 12 वर्ष के बच्चों की व्यायाम के लिए जिम बनाया गया है। कैफेटेरिया की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल रूम भी बनाया गया है। पहले तल पर दर्शकों के बैठने के लिए 384 कुर्सियों सहित उचित व्यवस्था की हुई है।

## ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की गई कुर्सी, 29 सदस्यों में से 25 सदस्यों ने डाले वोट

**गन्नौर । ब्लाक समिति** अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ शुक्रवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। समिति के 29 सदस्यों में से 25 ने वोट डाला। सभी 25 सदस्यों की वोट अध्यक्ष सोनू कुमार व उपाध्यक्ष कृष्णा देवी के खिलाफ पड़ने की वजह से दोनों को अपने पद से हाथ धोना पड़ा। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में हुई बैठक में कुल 29 सदस्यों में से अविश्वास प्रस्ताव में 25 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में नपाध्यक्ष सोनू कुमार व उपाध्यक्ष कृष्णा देवी के अलावा ब्लाक समिति सदस्य उषा रानी और मीनू नहीं पहुंचे। बैठक अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के लिए बंद कमरे में वोटिंग करवाई गई, जिसमें सभी



25 सदस्यों ने मौजूदा अध्यक्ष सोनू कुमार व उपाध्यक्ष कृष्णा देवी के विरोध में मत का प्रयोग किया। जिसके बाद अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने अध्यक्ष सोनू कुमार व उपाध्यक्ष कृष्णा देवी के खिलाफ अविश्वास पारित होने की घोषणा की। बता दें कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ सदस्यों में विकास कार्यों को लेकर काफी विरोध था। ई-रिक्शा खरीद के मामले में हुई गड़बड़ी व विकास कार्य न होने की वजह से दोनों के खिलाफ ब्लाक समिति के कई सदस्य लामबंद थे। इसको लेकर 29 में 17 सदस्यों ने दोनों के खिलाफ अविश्वास लाने के लिए बीडीपीओ पूनम चंदा को पत्र सौंपा था। अब अविश्वास पारित होने के बाद दोनों पद रिक्त हो गए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक चालक बेटा संदिग्ध परिथितियों में लापता

**गन्नौर। औद्योगिक क्षेत्र** में माल लोड करने आए साथ आया ट्रक चालक का बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में लपता हो गया। ट्रक चालक ने इस संबंध में थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में ट्रक चालक सोनीपत निवासी सोनू सिंह ने बताया कि उसका बड़ा बेटा 24 वर्षीय सन्नी उसके साथ सहायक चालक काम करता है। 7 जनवरी को वह औद्योगिक क्षेत्र बड़ी से ट्रक में माल लोड करने के लिए आए थे। इस बीच वह खाने पीने सामान लेने दुकान पर चला गया। जब वह वापिस लौटा तो सन्नी वहां मौजूद नहीं था। उसने सन्नी की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने ट्रक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 19 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा असंध से** 19 वर्षीय युवती संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। पूरा परिवार काम पर गया हुआ था और युवती घर पर अकेली थी। जब घर वाले काम से लौटे तो उन्हें युवती घर पर नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पांच बच्चे है। 8 जनवरी की सुबह वह और परिवार के अन्य सदस्य रोज की तरह अपने काम पर गए थे। उनकी 19 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। उन्होंने कहा कि दोपहर करीब 1 बजे जब वे घर लौटे तो बेटी घर पर नहीं थी। बेटी के अचानक गायब होने से परिवार में हडकंप मच गया। पिता ने तुरंत अपनी बेटी को खोजने की कोशिश की। उन्होंने पड़ोसियों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन किसी को भी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता है। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो गई हो। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और बेटी की जल्द से जल्द तलाश की गुहार लगाई है। थाना असंध में पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कॉम्पस ने गुरूग्राम में नया स्टोर खोलकर दिल्ली-एनसीआर में अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार किया

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कॉम्पस ने रेलवे रोड, गुरूग्राम में एक शानदार नया स्टोर खोला है। यह कदम ब्रांड की अपने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और उन्हें एक बेहतर और रोमांचक शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 535 वर्ग फीट में फैला हुआ यह स्टोर कॉम्पस के स्टाइलिश और आरामदायक फुटवियर का लेटेस्ट कलेक्शन शामिल हैं। यहां पर पुरुषों और महिलाओं के लिए स्नीकर्स, परफॉर्मेंस शूज और वार्नर ब्रदर्स के लिमिटेड एडिशन जैसे बैटमैन और सुपरमैन से प्रेरित डिजाइन भी उपलब्ध हैं। ग्राहक लॉन्च के मौके पर आकर्षक ऑफर जैसे एक खरीदें, 30% छूट पाएं और दो खरीदें, 40% छूट पाएं का लाभ उठा सकते हैं। यह एक बेहतरीन मौका है, जहां आप कॉम्पस के हाई-फैशन और ट्रेंडिंग फुटवियर को शानदार कीमत पर पा सकते हैं। इस अवसर पर श्री निखिल अग्रवाल, सीईओ, कॉम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यगुरूग्राम में हमारा नया स्टोर खोलना हमारे लिए हमारे ग्राहकों तक पहुंचने, अपना ग्राहक आधार बढ़ाने और उन्हें एक आसान और शानदार शॉपिंग अनुभव देने का हमारा प्रयास है। कॉम्पस की ओर लोगों का बढ़ता प्यार और आकर्षण देखकर, हम भारत के पसंदीदा स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए विकास योजनाओं का लगातार और शीघ्रता से विस्तार कर रहे हैं। यह नया स्टोर हमारे ओमनी-चैनल अनुभव को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो हमें हमारे प्रिय ग्राहकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस स्टोर के खुलने के साथ, कॉम्पस के एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स की संख्या अब देशभर में 292 हो गई है, जो ब्रांड की तेज और रणनीतिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल के प्रमुख बाजारों में खोले गए स्टोर से ब्रांड की पहुंच को काफी बढ़ावा मिला है और अधिक ग्राहकों तक आसानी से पहुंचने की क्षमता मिली है।

## घटिया सामग्री प्रयोग करने पर एजेंसी को 2 वर्ष के लिए किया निषेध

### नहीं भर सकेगा कोई टैण्डर

**एक्शन**

**▶▶ विकास कार्यों में बेहतर निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जाए, ताकि वह लम्बे समय तक बनी रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विकास कार्यों** में गुणवत्ता बनाए रखने व समय पर उन्हें पूरा करवाने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सख्ती दिखाई है। इसे लेकर निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग करने तथा धीमी गति के चलते दो निर्माण एजेंसियों पर कार्रवाई की गई है। निगमायुक्त ने बताया कि मदनपुर गांव की गलियों के निर्माण के लिए एक एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। कार्य की अनुमानित लागत 38 लाख 21 हजार रुपये थी। एजेंसी द्वारा मौके पर कार्य शुरू किया गया, जिसकी निगरानी के लिए निगम अभियंता मौके पर पहुंचे। इस दौरान अभियंताओं द्वारा पाया गया कि एजेंसी की ओर से निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसे देखते कार्य को तुरंत रूकवा दिया गया। उन्होंने बताया कि एजेंसी की इस कारगुजारी के चलते निविदा की शर्तों के अनुसार सम्बंधित एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए उसे 2 वर्ष के लिए डीबार यानि निषेध कर दिया गया है। अब यह एजेंसी इस अवधि के दौरान किसी भी कार्य के लिए टैण्डर नहीं भर सकेगी। उन्होंने बताया कि अब इस कार्य को करवाने के लिए दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। निगमायुक्त ने बताया कि इसके अतिरिक्त गांव कम्बोपुरा में एक सामुदायिक हॉल का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कार्य पर 55 लाख 28 हजार रुपये की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य बीती 8 जनवरी को पूरा हो जाना चाहिए था, परंतु अब तक यह 65 प्रतिशत ही मुकम्मल हुआ है। निर्माण कार्य में धीमी गति के चलते सम्बंधित एजेंसी पर निविदा की शर्तों के अनुसार 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हॉल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

ताकि गांव वासियों को इसका लाभ मिल सके। निगमायुक्त ने सभी एजेंसियों को हिदायत देते कहा है कि वह विकास कार्यों में पूरी क्षमता व मानव बल के साथ कार्य करें, ताकि उसे समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में बेहतर निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जाए, ताकि वह लम्बे समय तक अपने अस्तित्व में बनी रहे और नागरिकों को इनका लाभ मिलता रहे।

## 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाया जाएगा सूर्य नमस्कार अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के विभिन्न** क्षेत्रों में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी के निर्देशन में योग कक्षाएं चलाई जा रही है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग एवं मेरा मिशन स्वस्थ भारत करनाल के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से 12 फरवरी स्वामी दयानंद जी की जयंती तक जिला में सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। योग कक्षा सेक्टर-14 श्री कृष्ण मंदिर में योग सत्र के दौरान दिनेश गुलाटी ने बताया कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत की सभी 20 कक्षाओं में सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया जाएगा तथा सभी करनाल वासियों को मेरा मिशन स्वस्थ भारत की योग कक्षा में आकर सूर्य नमस्कार अभियान में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सर्दी के मौसम में सूर्य नमस्कार करना बहुत आवश्यक है। हमें स्वस्थ रहने के लिए सूर्य नमस्कार आना आवश्यक है।सूर्य नमस्कार में सात आसन तथा उसकी 12 वृत्तियां हैं। सेक्टर 14 कक्षा में फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन रहकर और ऑफलाइन भी योग की विभिन्न क्रियाएं आसन, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और अनेक प्रकार के योग अभ्यास करवाए।

## वैकुंठ एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर की पुरानी** अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वैकुंठ एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। प्रिंस बजाज भजन पार्टी ने बाबा श्याम का गुणगान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को वैकुंठ एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को वैकुंठ एकादशी मनाई जाती है। वैकुंठ एकादशी सभी एकादशी में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन पर भक्त भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं, जो भी व्यक्ति इस पवित्र दिन पर कठिन उपवास रखते हैं और सभी पूजन नियमों का पालन करते हैं, भगवान विष्णु उनके लिए वैकुंठ के द्वार खोलते हैं।

## हरियाणा खेलों में आगे है और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगा : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्रीय ऊर्जा, आवास** एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों में हमेशा से आगे रहा हैं और अब तैराकी में भी आगे बढ़ेगा। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षो के दौरान खेल के क्षेत्र में दी गई सुविधाओं की बदौलत यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक हासिल करके प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मनोहर लाल शुक्रवार को करनाल प्रवास के दौरान लोक निर्माण के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया की स्मार्ट सिटी करनाल परियोजना के तहत करीब 59 करोड़ की लागत से तीन परियोजनाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित की गई है। इनमें करीब 44 करोड की लागत से इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का उद्घाटन शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक स्तर को स्विमिंग पूल बनाया गया है, जो कि प्रदेश में पहला है। इस स्विमिंग पूल के बनने से हरियाणा प्रदेश के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के खिलाडि?ों को लाभ मिलेगा और वे वहां की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा का युवा कुश्ती, कबड्डी तथा तैराकी में गहन रुचि रखता है। तैराकी तो गांव के युवा खेल-खेल के माध्यम से गांवों के तालाबों में आसानी से सीख जाते हैं,लेकिन बदलते परिवेश में खेलों के क्षेत्रों में खिलाडि?ों के लिए आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराना जरूरी है। करनाल मे इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में स्थापित स्वीमिंग पूल तैराकी के खिलाडि?ों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा हमेशा से किसानों की भलाई के लिए काम किया है और नई-नई योजनाएं लागू करके किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की कोई समस्या है तो उसका समाधान आपस में बैठकर निकाला जा सकता है। केंद्र सरकार इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न में कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के हरियाणा प्रदेश में सकारत्मक परिणाम मिल रहे हैं व घटते लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन का सहयोग भी जरूरी है, इस कार्य में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को आगे आकर समाज में जागृति लानी होगी। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा छोटे-छोटे व बड़े से बड़े चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़ती है और हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि दिल्ली चुनाव के बाद मार्च माह के अंत तक स्थानीय निकाय के चुनावों की प्रक्रिया पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार दिल्ली के चुनाव में भाजपा एज पर है और सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ेगा।

## सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने सुनी सफाई कर्मियों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग तेजी से कार्य कर रहा है। आयोग द्वारा प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर समीक्षा की जा रही है, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं



का जल्द समाधान किया जा सके। चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार करनाल प्रवास के दौरान शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन को पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ, शॉल देकर सम्मानित किया। बैठक में सफाई कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मांगे रखी गईं, जिन पर चेयरमैन कृष्ण कुमार ने सफाई कर्मचारियों को जल्द उनकी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा नगर निकाय विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर सफाई कर्मचारी संगठनों की ओर से दिए गए सुझावों को लागू करवानें का प्रयास किया जाएगा। सफाई कर्मियों के प्रति राज्य सरकार का सकारात्मक रूख है और इसी उद्देश्य से उनकी भलाई के लिए यह कमीशन काम कर रहा हैं। इसके बाद चेयरमैन ने जिला सचिवालय में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर एक्सग्रेसिया नीति के तहत उसके परिजन को नौकरी में प्राथमिकता दी जाए।

## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2025 में महेंद्रगढ़ की तृप्ति सैनी का चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। माई भारत,** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2025 में महेंद्रगढ़ की तृप्ति सैनी का चयन किया गया है। विकसित भारत विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 राष्ट्रीय युवा महोत्सव का नया रूप है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर से 100,000 युवा एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति सहभागी होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक नेताओं के साथ विभिन्न सत्र, विभिन्न राज्यों और मंत्रालयों की युवा पहलों को प्रदर्शित करने वाली एक व्यापक प्रदर्शनी और विकास भी विरासत पर जोर देने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा आधिकारी नित्यानंद यादव ने तृप्ति सैनी को बधाई दी एवं बताया कि तृप्ति जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है महेंद्रगढ़ जिले के लिए यह गौरव का विषय है। 11 व 12 जनवरी को भारत मंडपम में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए महेंद्रगढ़ की तृप्ति सैनी का चयन किया गया। कुमारी तृप्ति हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ से रसायन विज्ञान की शोध की छात्रा है। इसके पूर्व उन्होंने अपने छात्र जीवन में विभिन्न सामाजिक कार्य किए है।

## नपा उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास पारित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । नगरपालिका** परिसर में पार्षदों द्वारा नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। करीब ढाई साल बाद पार्षदों द्वारा उनके खिलाफ अविश्वास लाया गया। एसडीएम मनीष कुमार फौगाट की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नपाध्यक्ष अरुण त्यागी के अलावा 13 पार्षद उपस्थित हुए, जबकि नपा उपाध्यक्ष समेत 4 पार्षद बैठक में पहुंचे। सुरक्षा के दृष्टिगत गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात रहा। बैठक के दौरान जिन 13 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में हाथ उठा कर दिनेश अदलखा के खिलाफ वोटिंग की। जबकि



नपाध्यक्ष ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। बैठक में दो तिहाई से अधिक पार्षदों द्वारा अविश्वास के समर्थन में वोटिंग करने के कारण उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। बता दें कि गत दिनों जिला उपायुक्त के समक्ष 13 पार्षदों ने नपा उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर शपथ पत्र दाखिल किए थे, लेकिन बैठक के लिए समय निर्धारित न करने की वजह से नाराज पार्षद हाईकोर्ट पहुंच गए थे। इसके बाद बैठक के लिए 13 दिसंबर निर्धारित कर शपथ पत्र वेरिफाई किए गए। इसके बाद 3

**बैठक**

**▶▶ देवेंद्र से उपाध्यक्ष का चुनाव जल्द निर्धारित करवाए जाने की मांग की, ताकि नया उपाध्यक्ष बनने के शहर में विकास कार्य हो सके**

जनवरी को अविश्वास बैठक आयोजित हुई, लेकिन बैठक में एसडीएम के न पहुंचने की वजह से वह स्थगित हो गई। इस पर नाराज पार्षदों ने फिर से हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना की याचिका फिर से दायर कर दी। इसी बीच प्रशासन द्वारा बैठक 10 जनवरी को निर्धारित कर दी गई। शुक्रवार को हुई इस बैठक में नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार नए उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए जल्द ही बैठक निर्धारित की जाएगी।

**भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक से आगामी रणनीति के लिए मिले पार्षद**

नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पार्षद भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक से मुलाकात की। पार्षदों ने देवेंद्र कौशिक से उपाध्यक्ष का चुनाव जल्द निर्धारित करवाए जाने की मांग की, ताकि नया उपाध्यक्ष बनने के शहर में विकास कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सकें।

## भारतीय किसान यूनियन (अ) ने किसान आंदोलन के समर्थन में केंद्र का पुतला जलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । भारतीय किसान** यूनियन (अ) की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष जयभगवान मलिक की अध्यक्षता में तहसील परिसर में हुई। बैठक से पहले किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए पुतला जलाया और नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपा। बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की और प्रशासन से समाधान की मांग की। जयभगवान मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा आंदोलन पर बैठे किसानों की आवाज अनसुनी की जा रही है।



उन्होंने कहा कि किसानों को एसपी मिलना चाहिए। इसके साथ ही किसानों पर दर्ज मामलों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बार्डर पर आंदोलनरत किसानों का यूनियन समर्थन करती रहेगी। यदि सरकार ने उनकी मांगो को नहीं माना तो क्षेत्र के किसान भी आंदोलन में शामिल होंगे। मलिक ने राजपुरा माइनर के पास से गुजरने वाली सड़क की खराब हालत पर नाराजगी जताई।

## संपादकीय

# हिंदी के दम फलता-फूलता वैश्विक बाजार

**वर्तमान में हिंदी** भाषा वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद और व्यवसाय है और वैश्विक स्तर पर हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चैनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 141करोड़ उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 141 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है इसके इतर 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस भी मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है।

# दुर्घटना में मुफ़्त इलाज की सार्थक नीति



प्रभुनाथ शुक्ल

"घायल व्यक्ति का किसी भी अस्पताल में एक सप्ताह तक मुक्त इलाज होगा। सरकार इस पर 1.50 लाख रूपए का भुगतान करेगी। पीड़ित को इलाज पर आने वाले डेढ़ लाख के खर्च पर कोई अतिरिक्त भुगतान सम्बन्धित अस्पताल को नहीं करना होगा। अभी तक सड़क हादसों में आमतौर पर यह देखा गया था कि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को लोग अस्पताल तक ले जाने में हिचकते थे, लेकिन मंत्रालय ने अब सम्बन्धित घायल को अस्पताल तक पहुंचाने एवं जान बचाने वाले व्यक्ति के लिए ? पांच हजार के पुरस्कार की घोषणा की है। निश्चित रूप से इस तरह की योजना घायलों के लिए वरदान साबित होगी। जबकि अब तक लोग पुलिस की कानूनी जाँच पड़ताल की वजह से किसी घायल की मदद के लिए आगे नहीं आते थे। जिसकी वजह से समय पर इलाज न मिलने से घायल व्यक्ति दमतोड़ देता था"

**भारत में ब**ढ़ते सड़क हादसे चिंता का विषय है।सबसे अहम बात है कि हादसों में सबसे अधिक युवा अपनी जान गवाते हैं। सड़क हादसे आम परिवारों के लिए बेहद पीड़ादायक होते हैं। लेकिन सवाल उठना है कि सड़क हादसे क्यों होते हैं। क्या सड़क हादसों के पीछे यातायात नियम दोषी हैं या फिर सड़कों की खस्ता हाली। दूसरा अहम सवाल है कि सबसे अधिक युवाओं की ही मौत क्यों होती है। सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण करने से पता चलता है कि वाहनों के संचालन के लिए जो यातायात नियम बने हैं निश्चित रूप से हम उनका अनुपालन नहीं करते। अगर हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहनों का मेंटेनेंस और फिटनेस का ख्याल रखें तो सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

गुजरे साल 2024 में हमारे देश में सड़क हादसे में 1.80 लाख लोगों की जान गई। जबकि 30 हजार लोगों की मौत का कारण हेलमेट बना। क्योंकि वाहन चलाते समय उन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। आंकड़ों का सबसे दुःखद पहलू यह है कि 10 हजार स्कूली बच्चों को, स्कूलों में गलत प्रवेश और एग्जिट प्वाइंट की वजह से अपनी जान गंवानी पड़ी। अपने आप में यह बड़ा सवाल है। साल 2024 में हुई कुल मौतों में सबसे अधिक संख्या युवाओं की रही है। सड़क हादसों में मरने वाले 66 फीसदी युवा थे जिनकी उम्र 18 से 34 वर्ष के बीच थी। केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों की माने तो मरने वालों में तकरीबन तीन हजार ऐसे लोग भी शामिल थे जिन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस नहीं लिया था।

मंत्रालय के अनुसार देश में अभी 22 लाख प्रशिक्षित चालकों की कमी है। केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय देश भर में 1250 ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर खोलने जा रहे हैं। मार्च में इस योजना की शुरूवात होगी। प्रशिक्षण लेने के बाद लोगों जहाँ रोजगार मिलेगा वहीं देश को प्रशिक्षित चालक भी मिलेंगे। निश्चित रूप से राजमार्ग मंत्रालय की यह अनूठी पहल है।

आम तौर पर देखा गया है कि हम वाहन चलाते समय यातायात नियमों और सड़क पर प्रदर्शित संकेतों का प्रयोग नहीं करते हैं। हमें यात्रा के दौरान वाहनों की स्पीड सीमा को नियंत्रित करना चाहिए। सड़क हादसों से सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं होती, कभी-कभी तो पूरा परिवार ही सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाता है। वाहनों के संचालन के दौरान वाहनों पर हमारा खुद का नियंत्रण होना चाहिए। नशे की हालत में वाहनों का संचालन कभी नहीं करना चाहिए। लेकिन तमाम कानूनी कवायद के बाद भी हम जिंदगी के प्रति बेहद लापरवाह होते हैं। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि खुद सुरक्षित ड्राइविंग करने के बाद भी हम दूसरे की गलती से हादसे का शिकार हो जाते हैं। हमें ऐसी स्थिति से बचना चाहिए। भारत सरकार और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क दुर्घटनाओं में मौत के आंकड़े को नियंत्रित करने के लिए एक अच्छी पहल लेकर आया है। भारत में पहली बार सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों का कैशलेस इलाज होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मुखिया नितिन गडकरी की यह अनूठी पहल वाकई काबिले तारीफ है।



**सड़क हादसे आम परिवारों के लिए बेहद पीड़ादायक होते हैं। लेकिन सवाल उठना है कि सड़क हादसे क्यों होते हैं। क्या सड़क हादसों के पीछे यातायात नियम दोषी हैं या फिर सड़कों की खस्ता हाली। दूसरा अहम सवाल है कि सबसे अधिक युवाओं की ही मौत क्यों होती है। सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण करने से पता चलता है कि वाहनों के संचालन के लिए जो यातायात नियम बने हैं निश्चित रूप से हम उनका अनुपालन नहीं करते**

मंत्रालय की इस पहल से लाखों लोगों को इलाज उपलब्ध कराकर घायलों की जान बचाई जा सकती है। घायल व्यक्ति का किसी भी अस्पताल में एक सप्ताह तक मुक्त इलाज होगा। सरकार इस पर 1.50 लाख रूपए का भुगतान करेगी। पीड़ित को इलाज पर आने वाले डेढ़ लाख के खर्च पर कोई अतिरिक्त भुगतान सम्बन्धित अस्पताल को नहीं करना होगा। अभी तक सड़क हादसों में आमतौर पर यह देखा गया था कि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को लोग अस्पताल तक ले जाने में हिचकते थे, लेकिन मंत्रालय ने अब सम्बन्धित घायल को अस्पताल तक पहुंचाने एवं जान बचाने वाले व्यक्ति के लिए ? पांच हजार के पुरस्कार की घोषणा की है। निश्चित रूप से इस तरह की योजना घायलों के लिए वरदान साबित होगी। जबकि अब तक लोग पुलिस की कानूनी जाँच पड़ताल की वजह से किसी घायल की मदद के लिए आगे नहीं आते थे। जिसकी वजह से समय पर इलाज न मिलने से घायल व्यक्ति दमतोड़ देता था।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय देश के कुछ हिस्सों में इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया था। लेकिन अब इस योजना को पूरे देश में मार्च से लागू किया जाएगा। इस योजना की एक और अच्छी विशेषता यह होगी हिट एंड रन जैसे मामले में जान गवाने वाले व्यक्ति के परिवार को दो लाख रुपए की तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि इस योजना में थोड़े से सुधार की आवश्यकता है। कभी-कभी गंभीर हादसों का शिकार हुआ व्यक्ति कोमा में चला जाता है उस दौरान उसके इलाज पर काफी लंबा खर्च होता है। मध्यम एवं कम आयवर्ग के परिवारों के लिए इतने पैसे का भुगतान करना काफी मुश्किल होता है। लोगों को अपने घर मकान और खेत तक बेचने या गिरवी रखनी पड़ते हैं। ऐसी हालत में सरकार को एक्सीडेंटल हेल्थ बीमा स्कीम लेकर आनी चाहिए। हलांकि निजी क्षेत्र में बीमा कम्पनियां इस तरह की स्कीम लांच किया है। लेकिन उसका प्रीमियम अधिक होने से आम आदमी के लिए यह सम्भव नहीं है। वाहनों को खरीदते समय ही कम पैसे में एक मुश्त आजीवन प्रीमियम भुगतान पॉलसी होनी चाहिए। जिसका लाभ उसे दुर्घटना जैसी विषम स्थिति में मिल पाए। इस तरह की योजना वाहन चालक और सरकार दोनों के हित में होगी। राजमार्ग मंत्रालय को इस तरह की योजनाओं पर विचार करना चाहिए। केंद्र सरकार इसी योजना के क्रम में देश भर में एक और अवसर लेकर आ रहीं है। जिसमें वाहनों की कबाड़ पॉलसी एवं ड्राइविंग ट्रेनिंग पॉलिसी भी शामिल है। यह भी अपने आप में एक बेहतरीन पॉलिसी है। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार देश भर में 1250 नए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के साथ वाहनों के फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे। सरकार इस पर साढे चार हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। 25 लाख लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस मिलेगा। इससे देश में जहाँ कुशल चालकों की कमी को पूरा किया जाएगा वहीं दूसरी तरफ लोगों को रोजगार भी मिलेगा। केंद्र सरकार एवं राजमार्ग मंत्रालय की इन नीतियों से साफ होता है कि सुरक्षित यात्रा को लेकर सरकार बेहद गंभीर है।

## कविता

### हिंदी का गुणगान

हिंदी का मैं गान करता हूँ
हिंदी का मैं सम्मान करता हूँ।
कभी मीरा को सुनता हूँ
कभी कबीर को सुनाता हूँ।
कभी जायसी के रहस्य में खो जाता हूँ
कभी केशव के काव्य प्रेत से टकराता हूँ।
कभी नानक की गुरुबानी बोलता हूँ
कभी चंदबरदाई की वीरगाथा गाता हूँ।
कभी तुलसीदास की तरह
राम नाम का गुणगान करता हूँ।
कभी सूरदास की तरह
कृष्ण की हठकेलिया सुनाता हूँ।
कवि हूँ हर हाव में, हर भाव में
हिंदी का गुणगान करता हूँ।

डॉ.राजीव डोगरा

## छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव एक जिन्दादिल शहर...

एस. के. सिंह

**राजनांदगांव** शहर की तासीर दूसरे शहरों से बिल्कुल अलग है। यहां हर उत्सव एवं पर्व शिद्दत से ऐसे महसूस होते हैं, मानों जिंदगी के हर रंग यहां मुस्कुराते हैं। यह एक जिन्दादिल शहर है, यहां के रंगों में उत्सव एवं संस्कृति महसूस होते हैं। संस्कारधानी में चाहे गणेश चतुर्थी हो या नवरात्रि, दशहरा, दीपावली एवं अन्य पर्व इनकी अनोख रंगत यहां के नसों में धधकती है। संस्कारधानी की झांकी एवं हॉकी बहुत प्रसिद्ध है। बात चाहे गणेश चतुर्थी के समय हॉकी की भव्य झांकी की हो या हॉकी के उम्दा खेल की। झांकी के समय बड़ी संख्या में राजनांदगांव एवं अन्य जिलों के नागरिक यहां शामिल होते हैं। शहर के फ्लाईओव्हर से निकलना, शहर को निहारना, मानों एक ही नजर में पूरे शहर की आबोहवा को समझने के समान है। यहां की खासियत है, लोगों की मिलनसारिता तो वहीं शहरी एवं ग्रामीण परिवेश की मिली जुली संस्कृति का आभास होता है। राज्य के प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य एवं राजनांदगांव को खेल मानचित्र पर एक नई पहचान मिली है। लगभग 22 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित भव्य अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। लगभग साढ़े नौ एकड़ के रकबे में निर्मित यह विशाल स्टेडियम हॉकी के खिलाडि?ों को समर्पित है। हॉकी की नर्सरी के रूप में जिले की पहचान है। यहां के हॉकी खिलाड़ी अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे हैं। शहर के मध्य में लगभग 20 एकड़ 22 डिसमिल में फैले दिग्विजय स्टेडियम में क्रिकेट मैदान है एवं बास्केटबाल का अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट है। देश भर में बास्केटबाल के लिए 8 कोर्ट एक ही जगह केवल राजनांदगांव शहर में है। यहां बैडमिंटन के 3 इंडोर कोर्ट, 3 टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर, एथलेटिक्स 400 मीटर ट्रैक, मल्टीपर्पज जिम, भारतीय खेल प्राधिकरण साई का हॉकी तथा बास्केटबाल के लिए हॉस्टल है। देश के तीन महान साहित्यकारों श्री गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र के साहित्य, कृतियों, विचारों एवं जीवन को समझने के लिए हिन्दी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए मुक्तिबोध संग्रहालय दर्शनीय है। देश के तीन महान साहित्यकारों श्री गजानन माधव मुक्तिबोध कक्ष, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की कृतियां, पाण्डुलिपि एवं वस्तुएं सुरक्षित रखी गई हैं। उनकी रचनाएं यहां संकलित की गई है। उनके डायरी के अंश तथा उनके जीवन के प्रेरक प्रसंग की जानकारी यहां अंकित है। अन्य जिलों एवं विभिन्न स्थानों से शोधार्थी एवं विद्यार्थी यहां उनकी स्मृतियों से जुड़ी वस्तुएं एवं कृतियां संग्रहालय में देखना समझना चाहते है। राजनांदगांव में उनकी अविस्मरणीय यादों को संजोए यह शहर हिन्दी साहित्य प्रेमियों के लिए त्रयी की यह कर्मभूमि गौरवपूर्ण स्थान है। राजनांदगांव जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह, श्री कुंज बिहारी चौबे, नाचा व रंगकर्म के प्रमुख कलाकार पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर, छत्तीसगढ़ रंगमंच एवं नाचा की कलाकार फिदाबाई मरकाम, गायन एवं अभिनय के प्रसिद्ध कलाकार श्री भैय्यालाल हेड़ऊ, चंदैनी गोंदा के कलाकार श्री खुमान साव, फिल्म निर्देशक श्री किशोर साहू, लोक कलाकार श्री बरसाती भैय्या, सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती कविता वासनिक, कवि एवं उपन्यासकार श्री विनोद कुमार शुक्ल, पद्मश्री फूलबासन बाई जैसे ख्याति प्राप्त साहित्यकारों, कलाकारों, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजनों से जिले की विशेष पहचान है। राजनांदगांव शहर तालाबों का शहर है।

## विचार

# देवस्थानों में हादसों का जिम्मेदार कौन

मनोज कुमार अग्रवाल

**देश** के प्रसिद्ध मंदिरों, मेलों और धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था सही नहीं है जिस कारण हर साल सैकड़ों श्रद्धालु हादसों में काल कवलित हो जाते हैं। हर हादसे के बाद जांच कमेटी गठित होती है लाख दो लाख की सहायता राशि आश्रितों को बांटकर सरकार अपना फर्ज पूरा मान लेती है और शुरू हो जाता है नए हादसे का इंतजार। इन हादसों की एक बड़ी वजह हमारे देवस्थानों पर भीड़ प्रबंधन के लिए नयी तकनीक व कारगर प्रबंधन का नितांत अभाव है। ताजा हादसा विश्व प्रसिद्ध आंध्र प्रदेश के देवस्थानम तिरुपति मंदिर में हुआ है। यहां 8 जनवरी बुधवार को बैकुंठ द्वार दर्शन के लिए टिकट केंद्र के पास भगदड़ मचने से आठ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 40 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दर्शन के लिए टोकन बांटे जाने के दौरान भगदड़ मच गई। बैकुंठ द्वार सर्वदर्शनम 10 दिनों तक चलने वाले विशेष दर्शन हैं, जो शुक्रवार से शुरू होने जा रहा था। आपको बता दें कि तिरुपति मंदिर में हुआ ये हादसा देश में हुआ इकलौता ऐसा हादसा नहीं है। बीते दो दशक में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम्स (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू ने कहा कि तिरुपति मंदिर में हुई भगदड़ के पीछे अधिकारियों की लापरवाही थी। उनका कहना था कि टीटीडी ने संक्रांति के मौके पर देशभर से बैकुंठ दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी व्यवस्था की है लेकिन भक्तों को टोकन जारी करने वाले केंद्रों में प्रवेश की अनुमति देते समय पुलिस और अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी थी। बुधवार को घंटों से इंतजार कर रहे श्रद्धालु पट खुलते ही भाग खड़े हुए और भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 48 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त एकादशी पर दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान दर्शन करने के लिए भक्त टोकन ले रहे थे। देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई और फिर भगदड़ मच गई। भगदड़ में बहुत सारे लोग नीचे गिरकर दब गए और फिर कभी खड़े नहीं हो पाए। घटना के बाद मौके पर पहुंचा भारी पुलिस बल आनन-फानन में घायल लोगों और मृतकों के लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद 8 लोगों को मृत घोषित कर दिया। अभी उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 50 से अधिक लोगों की मौत के जख्म भरे नहीं है।

अव्यवस्था के चलते इस हादसे में भी निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। भारत में मंदिरों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान भगदड़ होने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत की यह पहली घटना नहीं है।

महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में 2005 के दौरान हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत ऐसी ही कुछ बड़ी घटनाएं हैं। हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में भी 2008 में ही धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में 162 लोगों की जान चली गई थी।

हाल के वर्षों में देश में मंदिरों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भगदड़ की कुछ प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं।

31 मार्च 2023 : इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

एक जनवरी 2022 : जम्मू-कश्मीर स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए।

14 जुलाई 2015 : आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# मूमल वोटर और नेता महेंद्र

रामविलास जांगिड़

मूमल एक अद्वितीय सुंदरी, असल में वह आम वोटर है। जिसे केवल चुनाव में ही याद किया जाता है। वोटर, जो हर बार अपनी सादगी, भोलेपन और आशाओं की गठरी लेकर चुनावी महल की भूलभुलैया में फँस जाता है। वोटर की सुंदरता उसकी सरलता है, उसकी उम्मीदें हैं। वह अपने नेता रूपी महेंद्र का इंतजार करता है, यह सोचकर कि वह आएगा, उसे न्याय देगा, उसकी समस्याओं का हल निकालेगा। महेंद्र, दिल्ली का एक मक्कार नेता है। वह हमारे लोकतंत्र का चतुर और चालाक बंदा है। नेता जो वादों की तलवार चलाने में माहिर है, जो संकल्पों की भूलभुलैया में जनता को घुमाने का हुनर जानता है। जब उसे पता चलता है कि वोटर (मूमल) अपने प्रेम (वोट) की चुनौती दे रही है, तो वह अपनी पूरी ताकत लगाकर उसके पास पहुँचता है।

नेता यानी महेंद्र, अपने वफादार साथी दलाल (पार्टी कार्यकर्ता) के साथ मूमल (वोटर) के पास पहुँचता है। वह अपनी चतुराई और आकर्षण से वोटर का दिल जीत लेता है। मूमल यानी वोटर, उसकी बातों में आ जाती है। नेता की आवाज में ऐसा जादू होता है कि वोटर को लगता है, यही उसका मसीहा है। महेंद्र नेता बार-बार मूमल वोटर के पास आता है। वह उसे सपनों के महल दिखाता है। कहता है- तुम्हारे जीवन की सारी परेशानियाँ खत्म हो जाएँगी। मैं तुम्हारे लिए नई योजनाएँ लाऊँगा। मूमल उसकी बातों पर विश्वास करती है। वह नेता पर अपना पूरा भरोसा कर देती है। लेकिन मूमल नहीं जानती कि ये वादे केवल चुनाव तक सीमित हैं। नेता चुनाव जीतकर दिल्ली की गद्दी पर बैठ जाता है। अब मूमल (वोटर) उसे बुलाती है, लेकिन वह नहीं आता। जब तक चुनाव करीब होता है, तब तक नेता मूमल से दूरी बनाए रखता है। एक रात, मूमल नेता के इंतजार में थककर अपने सहेली सूमल (विपक्षी पार्टी) से मदद लेती है। लेकिन नेता को यह गवारा नहीं होता।

## कमला पसंद बौव्वा

डॉ. सुरेश कुमार

**सूरज** ढल रहा था, और चौराहे की गुमटी पर बैठा एक शख्स, जिसे हम बौव्वा कहेंगे, जिंदगी के सबसे गंभीर मुद्दे सुलझा रहा था—पत्तों का खेल। मुंह में ठुंसी कमला पसंद की गंध और लाल दांतों की चमक के बीच बौव्वा ने पत्ते फेंके जैसे वह किसी साम्राज्य का निर्णय सुना रहा हो। तभी, फोन की घंटी बजी। फोन पर आवाज आई, "बौव्वा, अब बहुत हो गई तैयारी, घर लौट आ।" यह आवाज उसके पिता की थी, जिनका दिल तो गांव में था, लेकिन दिमाग बेटे की महानता पर संदेह से भरा था। बौव्वा ने एक लंबी सांस ली, जैसे किसी युद्धभूमि पर विजय के बाद आराम कर रहा हो। वह बोला, "पापा, अब घर आयेंगे तो पर्दे वाली इनोवा में आयेंगे, वरना नहीं आयेंगे।" गुमटी पर बैठे लोग, जो खुद भी पत्तों के खिलाड़ी थे, बौव्वा की इस शाही घोषणा पर तालियां बजाने लगे। उनके लिए यह राजा का फरमान था। कमला पसंद से सजे लाल दांत जब मुस्कुराए, तो ऐसा लगा जैसे कोई खजाना मिल गया हो।

"ये होती है राजा वाली क्वालिटी," बौव्वा ने गर्व से कहा। "राजा कभी विचलित नहीं होता। राजा खुद तो स्थिर रहता है, लेकिन अपनी प्रजा को विचलित कर देता है।" यह सुनकर उसके दोस्त, जो खुद को राजा के दरबार के मंत्री समझते थे, सिर हिला-हिलाकर सहमति जता रहे थे। बौव्वा का सपना था—एक दिन गांव में इनोवा लेकर जाना। वह मानता था कि इनोवा में पर्दे होने से उसका कद राजा जैसा हो जाएगा। "पर्दे वाली इनोवा राजा की पहचान है," उसने घोषणा की, मानो यह उसकी जिंदगी का मंत्र हो। गांव में पिता बौव्वा की वापसी के इंतजार में बैठे थे। उन्होंने सपने देखे थे कि बेटा शहर जाकर कुछ बड़ा करेगा। लेकिन बौव्वा ने शहर में जाकर जो किया, वह कमला पसंद और पत्तों के खेल का विशेषज्ञ बनना था। एक दिन, बौव्वा को खबर मिली कि गांव में उसके पिता बीमार हैं। डॉक्टर ने कहा, "अब उनके पास ज्यादा समय नहीं है।" यह खबर सुनकर भी बौव्वा विचलित नहीं हुआ। उसने अपने मंत्रियों से कहा, "अब गांव जाएंगे, लेकिन इनोवा के बिना नहीं। राजा अपनी शर्तों पर चलता है।"

## न्यूज फ्लैश

### विकास परियोजनाओं व कार्यों को लेकर डीसी ने ली बैठक



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिला अम्बाला प्रदेश में मुख्यमंत्री घोषणाओं में दूसरे स्थान पर तथा सीएम विंडो में प्राप्त शिकायतों के निपटान में अव्वल स्थान पर हैं। इसके साथ-साथ समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान में भी जिला बेहतर कार्य कर रहा है। उपायुक्त कैम्प कार्यालय मे विभिन्न विभागों से सम्बन्धित जो विकास परियोजनाएं एवं कार्य किए जा रहे है उनकी समीक्षा करते हुए बैठक ले रहे थे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजैंडे में रखे विभागों से सम्बन्धित कार्यों बारे बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों से मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने बारे, स्वास्थ्य विभाग से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण बारे, राजस्व विभाग के अधिकारियों से गिरदावरी बारे, समाधान शिविरों में शिकायतों के निपटान की दिशा में किए जा रहे कार्यों बारे, बिजली निगम से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ बारे, जीएम रोडवेज से हैप्पी कार्ड के वितरण बारे, जिला परिषद से सम्बन्धित कार्यों के साथ-साथ सीएम अनाउसमैंट बारे, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों बारे, पंचायती राज विभाग द्वारा अमृत सरोवर से सम्बन्धित कार्यों बारे, जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों की वैरिफिकेशन करने बारे, नगर निगम से स्ट्रीट वैंडर को दिए जाने वाले लाभ बारे व सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य कार्यों की रूपरेखा बारे, लोक निर्माण विभाग व जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों बारे, एंव एजैंडे में जो बिंदु थे उन बारे समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणाओं में जिला अम्बाला दूसरे स्थान पर होने व सीएम विंडो से सम्बंधित शिकायतों के निपटान में अव्वल स्थान पर आने पर सराहना की, वे आगे भी वे इसी प्रकार से निरंतरता में कार्य करें। इस मौके पर नगर निगम निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, नगराधीश पूजा कुमारी, जीएम रोडवेज अश्वनी कुमार डोगरा, बिजली निगम के कार्यकारी अभियन्ता सुखबीर सिंह, डा. विपिन भंडारी, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार के साथ-साथ सम्बन्धित विभागों के प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विदेश गया भतीजा लापता, चाचा ने एजेंट को दिए 67 लाख



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के कैमला गांव में कबूतरबाजी का बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि विदेश भेजने वाले एजेंटों ने उससे और उसके परिवार से 37 लाख रुपये में अमेरिका भेजने का सौदा किया और किश्तों में कुल 67 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने यह रकम अपने भतीजे को विदेश भेजने के लिए दी थी, लेकिन आज तक वह अमेरिका नहीं पहुंच पाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। घरौंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कैमला निवासी शिकायतकर्ता बलराज ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसके भतीजे आशीष पुत्र रामकरण को अमेरिका भेजने के लिए गांव के एक व्यक्ति से मिला था, जिसने भरोसा दिलाया कि उसका करनाल में एक एजेंट है जो विदेश भेजने का काम आसानी से कर सकता है। 2 मार्च 2023 को करनाल के सेक्टर-4 में ग्रामीण ने उसकी मुलाकात अमित शर्मा, नीटू शर्मा और कुराना निवासी जसमत कुराना से कराई। इन लोगों ने 37 लाख रुपये में डील पक्की की। बलराज ने बताया कि 5 मार्च 2023 को लखपत अपने साथी रामेहर के साथ उसके घर आया और 7 लाख रुपए लेकर चला गया। आठ महीने बाद 23 दिसंबर 2023 को उसके भतीजे को अमृतसर से दुबई भेजा गया। इसके बाद भी आरोपियों ने झूठे वादे कर पैसे ऐंठने जारी रखे। पीड़ित बलराज ने बताया कि चार महीने के भीतर आरोपितों ने 9 लाख रुपए और ले लिए।

# नगर निगम की टीम ने कपड़ा मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

## निगम की टीम ने कपड़ा मार्केट से हटवाया अतिक्रमण



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** नगर निगम की टीम द्वारा शहर सिटी पार्क के साथ लगते आदर्श मार्केट में अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान निगम टीम के अनेक अधिकारी मौजूद थे। सुबह जब निगम की टीम उक्त स्थान पर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ पहुंची तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निगम अधिकारियों का कहना था कि उक्त स्थान पर दुकानदारों ने अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने दुकानों के आगे शैड लगाए हुए हैं, जिससे वो अपनी दुकान का सामान शैड से भी आगे बढ़ाकर रखते हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अक्सर हमारे पास शिकायतें आती हैं कि दुकानदार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाते। इसी को लेकर आज यहां पर यह कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से दुकानों के आगे बढ़ाए हुए शेड भी तुड़वाए। निगम की कार्रवाई के दौरान दुकानदारों व टीम के बीच खूब बहस हुई। निगम अधिकारियों से कुछ दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा, जिसके बाद निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने के लिए समय दिया। जिसके कुछ देर बाद निगम ने एक बार फिर से कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि थड़े तोड़ रही जेसीबी के आगे दुकानदार खड़े हो गए और जमकर विरोध किया। अंबाला छावनी में भी नगर परिषद की तरफ से अतिक्रमण हटवाने के लिए कार्रवाई की गई। छावनी फ्लाइओवर के नीचे लगी रेहड़ियों को प्रशासन की तरफ से हटवाया गया। वहीं अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी गई कि यदि दोबारा फ्लाइओवर के नीचे रेहड़ियां लगाई गई तो उनके सामान को भी जब्त किया जाएगा। नगर निगम की यह कार्रवाई महज खानापूर्ति के लिए ही की जाती है। निगम टीम के मार्केट से जाते है फिर से अस्थाई अतिक्रमण हो जाता है। अंबाला शहर की कपड़ा

**हड़कंप**

▶▶ उक्त स्थान पर जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ पहुंची तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया

### उत्थान संस्था के पदाधिकारियों ने उपायुक्त नेहा सिंह से की मुलाकात



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** नगर की उत्थान सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने उपायुक्त नेहा सिंह से मुलाकात कर संस्था द्वारा किए जा रहे जनकल्याण और समाज उत्थान के कार्यों बारे जानकारी दी।संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा ने उपायुक्त को बताया कि उनकी संस्था गत लगभग सत्रह वर्षों से नगर में सक्रिय है और कन्या भ्रूण हत्या,नशा विरोधी सहित अन्य जनहित और समाज हित के कार्यक्रमों के माध्यम से बेहतरीन नागरिकों के निर्माण में अपना योगदान देने का प्रयास कर रही है। संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा ने उपायुक्त नेहा सिंह को बताया कि उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा केडीबी और जिला प्रशासन द्वारा भव्य रूप से आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी स्टॉल का आयोजन कर अपना योगदान देने का प्रयास किया था जिसके अंतर्गत मेला भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों को कन्या भ्रूण हत्या और जीवन में नशा ना अपनाने संबंधी शपथ पत्र बांटे गए थे। उपायुक्त महोदया नेहा सिंह ने संस्था के उक्त प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### नप कच्चे सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर की हड़ताल

**जींद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को कच्चे सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर नगर परिषद कार्यालय में दो दिवसीय हड़ताल जारी है। सफाई कर्मियों ने नप कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता उपप्रधान सोहन लाल ने की। इस दौरान सफाई कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मांग की कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए। वहीं एक्सग्रेसिया स्कीम पूर्ण रूप से बहाल हो। इस अवसर पर जितेंद्र, सुमित, मुकेश, रामकुमार, कपिल, सोनू व सुनील भी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/ ( कमाल हुसैन )

पानीपत के जलमाना गांव में एम डी डी आफ इंडिया की सामुदायिक कार्यकर्ता पायल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर अंब्रिज द्वारा बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार शक्ति अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ताकि पानीपत जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। एम डी डी ऑफ इंडिया की सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि एम डी डी ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षों से बालाधिकारों को लेकर कार्यरत है और "न्याय तक पहुंच" कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इस अवसर पर एम डी डी आफ इंडिया से सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वॉलंटियर अंब्रिज, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना, गीता, आशा कार्यकर्ता सुमन, गीता और सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से शपथ ली कि वे किसी भी ऐसी शादी में शामिल नहीं होंगी जिसमें वर या वधु की उम्र कम हो और ऐसी शादियां रोकने का हर संभव प्रयास करेंगे ताकि बच्चों के भविष्य को बचाया जा सके। ग्राम सरपंच पुष्पा ने कहा कि एमडीडी ऑफ इंडिया की यह मुहिम बेहद सराहनीय है क्योंकि बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।

**अवगत कराया**

▶▶ बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है

### ऑनलाइन पैसों की धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पर कॉल करें: एसपी



**पानीपत, (कमाल हुसैन)** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहे हैं। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बच कर रहें। क्योंकि आज का युग रिकॉर्डिंग व स्क्रीन शार्ट का है अगर किसी से भी कोई बात करते हो तो सोच समझकर करें। अपने बैंक खाता की जानकारी किसी को भी मोबाइल के माध्यम से न दें। किसी भी अंनजान व्यक्ति के द्वारा की गई कॉल पर विश्वास न करें।

# किसानों ने प्रधानमंत्री के पुतले जलाकर किया प्रदर्शन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** किसान नेता डल्लेवाल की अपील के बाद आज अंबाला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने सरकार की शव यात्रा निकालते हुए सरकार का पुतला फूंका है। इस दौरान किसानों ने अगली रणनीति बताते हुए कहा कि अब 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर मार्च निकालकर रोष प्रकट करेंगे। किसान आंदोलन 2.0 को चलते हुए काफी लंबा समय हो गया है, वहीं किसान नेता डल्लेवाल को आमरण अनशन पर बैठे हुए लगभग 46 दिन हो गए है। सरकार तक अपनी बात पहुंचने के लिए किसान नेता डल्लेवाल ने आज सभी जगह पर सरकार का पुतला फूंकने के आदेश दिए थे। इसी कड़ी के चलते अंबाला के विभिन्न गांव में किसानों ने आज सरकार की शव यात्रा निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला फूंका। इस बारे में जानकारी देते हुए किसानों ने कहा कि आज हर जगह सरकार का पुतला फूंका गया है किसान अपनी मांगों को लेकर काफी समय से बॉर्डर पर डटे हुए है लेकिन सरकार उन्हें अनदेखा कर रही है। इसके साथ ही किसानों ने 26 जनवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालने का ऐलान किया है। विरोध की शुरुआत अंबाला सिटी के गांव जलबेड़ा से हुई। जिसमें किसान नेता जय सिंह ने विरोध का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को उजाड़ने के लिए काम कर रही है। नया मसौदा उसी का एक रूप है।

**विरोध**

▶▶ सरकार किसानों को उजाड़ने के लिए काम कर रही है। नया मसौदा उसी का एक रूप है

# सेक्टर-7 में चलाया सफाई अभियान अम्बाला एस डी एम ने किया श्रमदान



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हृ स्वच्छता के लिए श्रमदान हृ कार्यक्रम के अंतर्गत हर शुक्रवार को होने वाले श्रमदान कार्यक्रम में निगम कर्मचारियों के साथ उपमंडल अधिकारी श्री दर्शन कुमार, नगर निगम सेनेटरी इंस्पेक्टर सुशील कुमार और निगम कर्मचारियों के साथ सफाई अभियान में झाड़ू लगा कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया इस कार्यक्रम में पंचायत भवन के सामने वाले रोड , सेक्टर -7 के पार्क और नौरंगा तालाब के आस पास का एरिया साफ किया गया इस तरह के सफाई अभियान से सभी लोगो से स्वच्छता के लिए सहयोग का आवाहन किया जाता है अम्बाला शहर को साफ सुथरा तभी रखा जा सकता है जब लोगो का सहयोग मिले जब तक लोगो का सफाई के प्रति सोच- व्यवहार नही बदलेगा तब तक सुधार नही हो सकता इसी लिए लोगो को साथ जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की अति आवश्यकता है क

### कोहरे के कारण हुए दर्दनाक सडक हादसे में ट्रक ड्राइवर की हुई मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के मधुबन के पास कोहरे के कारण हुए दर्दनाक सडक हादसे में एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक हाईवे पर मिट्टी के ढेर में फंसा हुआ था और ट्रक ड्राइवर उसकी हालत देखने के लिए ट्रक के पीछे आया। इसी दौरान तेज रफ्तार क्रेटा कार ने ट्रक के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी। ड्राइवर क्रेटा और ट्रक के बीच में कुचला गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृतक की पसलियां भी क्षतिग्रस्त क्रेटा कार में फंस गई थी।

# आरोपियों को बाइक उपलब्ध कराने वाला काबू



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

सीआईए टू पुलिस टीम ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी कि निशानदेही पर वारदात को अंजाम देने के लिए बाइक उपलब्ध कराने वाले आरोपी को वीरवार देर शाम रिफाइनरी के पास से काबू किया। आरोपी की पहचान कमल निवासी मुनक करनाल के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी आशु व अजय उर्फ पांडा निवासी मुनक को बीते वीरवार को एसएसआईडीसी के पास से काबू किया था। दोनों आरोपियों ने 19 दिसम्बर को बाइक पर सवार होकर रिफाइनरी के गेट नंबर 4 के सामने पैदल जा रहे युवक से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात बारे थाना सदर में लक्ष्मण प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद निवासी मनिकौर, कुशीनगर यूपी हाल किरायेदार रिफाइनरी के गेट नंबर 4 के सामने राधा कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था मोबाइल स्नेच करने के लिए उन्होंने गांव निवासी अपने दोस्त कमल पुत्र शेर सिंह से उसकी बाइक ली थी। दोनों आरोपियों ने कमल से कहा था कि मोबाइल स्नेच के बाद मोबाइल को बेचकर पैसे तीन बराबर हिस्सो में बांट लेंगे। इसके बाद स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों आरोपियों को कमल ने अपनी बाइक दे दी थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर वीरवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी अजय उर्फ पांडा को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था व आरोपी आशु को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।

**शिकंजा**

▶▶ मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी आशु को गिरफ्तार किया था

# छावनी में बिजली कर्मचारियों ने रखा वर्क सस्पेंड



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** यूनिट अंबाला कैंट संबंधित एच एस ई बी वर्कर यूनियन द्वारा दिया जा रहा धरना प्रदर्शन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वर्क सस्पैंड करके जारी रहा। यह विरोध प्रदर्शन कैंट यूनिट के अंतर्गत सभी 6 सब डिविजन ऑफिस में चल रहा है। आज का धरना प्रदर्शन नंबर 1 में यूनिट में उप प्रधान मुकेश कुमार,नंबर 2 में उप प्रधान रोशन लाल, बब्याल मे सह सचिव मुकेश शर्मा, इंडस्ट्री एरिया में सह सचिव मेहर दास, बराड़ा में सह सचिव गोविंद ,केसरी में सह सचिव सोनी की अध्यक्षता में दिया गया। आज यूनिट अंबाला कैंट की एक अहम मीटिंग सब डिविजन नंबर एक में रखी गई है जिसमें कैंट के अंतर्गत सभी सब यूनिटों के प्रधान सचिव और यूनिट कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस धरना प्रदर्शन की आगामी रूपरेखा की रणनीति बनाने के लिए यह मीटिंग रखी गई है क्योंकि आज शुक्रवार को वर्तमान आंदोलन का दूसरा चरण समाप्त हो गया है।अभी दो तीन दिन का अवकाश है और फिर अगले हफ्ते से विरोध प्रदर्शन को और तेज करने के लिए सर्कल सचिव से सहमति के लिए कहा गया। आज भी धरना प्रदर्शन में विशेष रूप से पूर्व सर्कल सचिव रवि चौधरी जी कर्मचारियों के बीच में आए।उन्होंने अपने वक्तव्य में कार्यकारी अभियंता कैंट की बदली के लिए यूनियन द्वारा चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने कहा एक्स ई एन कैंट की कार्यशैली सिर्फ कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक नहीं है बल्कि आम जनता और समाज के मौजीज लोगों से भी अधिकारी का व्यवहार ठीक नहीं है। यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि सभी सब डिविजन में लगातार पूरे हफ्ते धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी दौरान सभी सब यूनिटों के कर्मचारियों से एच एस ई बी वर्कर यूनियन के लेटर पैड पर एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर लिए गए है ताकि कार्यकारी अभियंता के कर्मचारी विरोधी फैसलों का विरोध किया जा सके।

**विरोध**

▶▶ शपथ पत्र पर हस्ताक्षर लिए गए है ताकि कार्यकारी अभियंता के कर्मचारी विरोधी फैसलों का विरोध किया जा सके

# शहर को साफ सुथरा रखने के लिए और प्रयास करने होंगे: निगम



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

जिला सचिवालय में निगम कमीशनर एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने शुक्रवार को दोपहर बाद निगम अधिकारियों की बैठक ली व निगम में साफ सफाई व अन्य कई एजेंडे को लेकर अधिकारियों से अपडेट लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर की साफ सफाई में किसी भी तरह की कोई कोर कसर बाकी न रहने दें। इस कार्य में ओर गति लायें। निगम कमीशनर ने कहा कि शहर में आवारा पशुओं को लेकर जो अभियान चलाया जा रहा है। उसके प्रति अधिकारियों को ओर गंभीरता से कार्य करना होगा। जहां जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा है वहां से उन्हें गऊशाला में भेजने की कार्यवाही तुरंत करें। निगम कमिशनर ने कहा कि समाधान शिविर में जो शिकायतें ले रहे उन्हें तुरंत दुरस्त करना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की देरी न करें। नागरिकों को प्रशासन से काफी उम्मीदें है। उनकी उम्मीदों पर हमें खरा उतरना है। निगम कमिशनर ने स्वामीत्व की शिकायतें पर भी संज्ञान लेने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### रोशनदान की खिड़की के सरिए तोड़कर तांबे व कॉपर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के सेक्टर-53 स्थित कंपनी के रोशनदान की खिड़की में लगे लोहे के सरिए तोड़कर तांबे व कॉपर के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। रानी बाग शकूरबस्ती दिल्ली निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह कुंडली स्थित कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वह हर रोज की तरह बृहस्पतिवार को कंपनी में पहुंचा। कंपनी के अंदर से तांबा व कॉपर गायब मिला। जांच की तो रोशनदान की खिड़की के लोहे को काटकर सामान को चोरी होना पाया गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### स्मृति दिवस के रूप में आयोजित की गई दीनबंधु छोटूराम की पुण्यतिथि-देशवाल

**सोनीपत: सोनीपत** के गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में दीनबंधु चौधरी छोटूराम की पुण्यतिथि को उनके ' स्मृति दिवस ' के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छोटूराम स्मारक समिति, सोनीपत के पदाधिकारियों ने दीनबंधु छोटूराम को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं छोटूराम चौंक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही छोटूराम धर्मशाला में स्थापित दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा तथा इस धर्मशाला के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद स्वर्गीय चौधरी होशियार सिंह मलिक की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करके उनको स्मरांजलि दी गई। इस मौके पर छोटूराम स्मारक समिति के सहसचिव साहित्यकार डॉ सन्तराम देशवाल ने दीनबंधु छोटूराम जी श्रद्धांजलि देते हुए उनको ऐसा किसान मसीहा और गरीबों का उद्धारक बताया, जिसने अपनी मृत्यु से एक दिन पहले ' भांखड़ा बांध निर्माण की परियोजना ' पर हस्ताक्षर किए थे। इस अवसर श्रद्धांजलि देने वालों में महासचिव जयलाल मान, महासचिव डॉ संन्तराम देशवाल,कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह मलिक, मेहताब सिंह दहिया, रमेश लठवाल, रणधीर सिंह सांगवान, जयवीर, गहलावत, समशेर सिंह, धर्म सिंह आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में अर्धनग्न अवस्था में मिला युवक का शव

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी के पास बाग में एक युवक का शव अर्धनग्न अवस्था हालत में शव मिला है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराएगी। जिसमें मौत के कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए है। गांव जठेड़ी के बाग में बृहस्पतिवार को युवक का शव पड़ा मिला। लोगों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास पता किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 30 वर्ष है और अर्धनग्न अवस्था में था। युवक के चेहरे पर चोट के निशान थे और कान से खून निकल रहा था। पुलिस ने पहचान के लिए मौजिज लोगों व सरपंचों से भी संपर्क किया है। युवक की पहचान नहीं हो सकी। जिस वजह से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत के कारणों का पता लगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से लग सकेगा।

# नागरिकों में सुशासन के प्रति मजबूती प्रदान करते समाधान शिविर: उपायुक्त

### अभिभावक बच्चों में परीक्षाओं की तैयारियों के लिए आत्मविश्वास को दे विशेष स्थान

**प्रशिक्षण**

▶▶ इन समाधान शिविरों में शिकायत लेकर पहुंचने वाले जिले के नागरिक तत्काल हो रहे समाधान से खुश



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर नागरिकों में सुशासन की भावना को जगाने में सफल रहे हैं। इन समाधान शिविरों में शिकायत लेकर पहुंचने वाले जिले के नागरिक तत्काल हो रहे समाधान से खुश है। जिला उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि शिविर में आनी वाली समस्याओं का समाधान जिस प्रकार से किया जा रहा है उससे जनता में सरकार के प्रति गहरा विश्वास पैदा होता जा रहा है।

उपायुक्त ने अधिकारियों व शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे नागरिकों को आहवान किया कि बच्चों की होने वाली परीक्षाओं को लेकर उनमें विश्वास पैदा करें व उनको मानसिक रूप से स्वस्थ करें। उनके अंदर आत्मविश्वास की भावना को जागृत करें। इसके बाद जो परिणाम आएंगे वो उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने में पर्याप्त होंगे।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को परीक्षा की तैयारी में नकारात्मक विचारों से दूर रखें व उन पर किसी भी तरह की ऐसी टिप्पणी न करें जिससे उनकी परीक्षा पर असर पड़े। उपायुक्त ने कहा कि इन दिनों बच्चों को पोषण की नितांत आवश्यकता होती है। इस पर विशेष ध्यान दें। संतुलित आहार एक महत्वपूर्ण आहार है। उन्होंने बच्चों को तनाव से दूर रहने व पूरी नींद लेने के लिए भी कहा।

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे देवेन्द्र सिंह ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उसका बिजली का बिल बहुत ज्यादा है व भरने में असमर्थ है। वह बीपीएल परिवार से संबंध रखता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनका बिजली का बिल कम किया जाएं। उपायुक्त ने यूएचवीबीएन के एसई को जांच के निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता मनोज कुमार वासी कंलदर चौंक ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। मेरी आय एक लाख से कम है। कृप्या मुझे आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान किया जाएं ताकि उसे में सरकार की योजना का लाभ मिल सकें। उपायुक्त ने सीएमओ को इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी रणधीर वासी मनाना ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि मेरी उम्र 64 वर्ष है। मेरा कोई मकान नहीं है। मैं लकड़ी की झोपड़ी में रहता है। मुझे सरकार की योजना के अनुसार प्लाट दिया जाएं। ताकि बची हुई जिंदगी को आराम से जी सकूं। उपायुक्त ने उनकी यह प्रार्थना जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को भेजी।

शिकायतकर्ता मिथलेश वासी ऊझा ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि मेरी पति की हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। लैबर की कापी बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से कापी को बंद करवाने की गुहार लगाई ताकि दीन दयाल स्कीम का उन्हें लाभ मिल सकें। उपायुक्त ने श्रम विभाग के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए।

## करोड़ों की राशि हड़पने का आरोपित पांच साल बाद काबू

**जेल भेजा**

▶▶ निवासी घसौली सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना सोनीपत पुलिस ने जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये हड़पने की वारदात में शामिल आरोपित को पांच साल बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्रम निवासी घसौली सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। द्वारिका दिल्ली निवासी जगविंद्र ने गत 20 अक्टूबर 2018 में पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि अगस्त 2017 में उसके पास कुंदन निवासी विनोदपुर दिल्ली ने फोन किया कि उसके पास एक अच्छी जमीन है। इस संबंध में उसे कुंडली बुला लिया। जहां पर राजेंद्र, आजाद, राजकुमार, अमित भी मिले। उसके बाद बहालगढ़ रोड पर एक जमीन के बारे में जोकि कुल 12 एकड़ है। उसके सभी दस्तावेज ठीक होना बताए गए। उसे वह जमीन पसंद आ गई। कुन्दन ने मिलकर मेरा मनमोहन से सौदा सात करोड़ रुपये मे करवा दिया। वहीं एक जनवरी 2018 तक रजिस्ट्री का समय दिलवा दिया। उसने डेढ करोड रुपये ब्याने के तौर पर बात की। उसने अलग-अलग खातों से राशि को ट्रांसफर कर दिया। उसने समय पूरा होने पर रजिस्ट्री नहीं करवाई। कुछ दिन बाद उनसे संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन नहीं हो पाया। उसने अपने स्तर पर पटवारी से संपर्क किया तो जानकारी मिली कि मनमोहन तो पहले से मर चुका है। उसके किसी रिश्तेदार ने इसी जमीन के बारे में थाना सदर सोनीपत मे मुकदमा दर्ज करवा रखा है। उसने मदन मोहन का डेथ सर्टिफिकेट भी लगाया हुआ है। उसने किसी तरह आरोपितों से संपर्क किया तो उन्हें रुपये देने की बात कही, लेकिन उसकी राशि को वापिस नहीं दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। उसके बाद पांच साल बाद तीसरे आरोपित विक्रम को गिरफ्तार किया है।

## सड़क हादसे में घायल निजी अस्पताल कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल युवक ने महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव रामनगर निवासी रविंद्र (29) निजी अस्पताल में कार्यरत था। वह अपने किसी निजी कार्य के लिए मुरथल आया हुआ था। जब मुरथल औद्योगिक क्षेत्र के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घायल रविंद्र को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना के बाद उनके भाई प्रदीप और अन्य अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद रविंद्र को रेफर कर दिया गया। जिसके बाद स्वजन उसे दिल्ली के निजी अस्पताल में ले गए। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया।

## कैंथला खुर्द -कैंथला कलां में नवीन संकल्प शिविरों के हुए आयोजन

**समाधान**

▶▶ कागजात संबंधित आम समस्याओं व स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं का मिलकर समाधान किया जाता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने नवीन संकल्प शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए तमाम तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद की जाती है। इन शिविरों के अंतर्गत नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी के साथ-साथ मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम परामर्श, दवाईयां और टेस्ट के इलावा स्वस्थ रहने के लिए खान-पान संबंधित आदतों के बारे में भी जागरूक करने का काम करती है। नवीन संकल्प शिविरों की इस कड़ी में आज थानेसर हल्के के कैंथला खुर्द -कैंथला कलां में शिविर आयोजित किये गये। इसके बारे विस्तृत जानकारी देते हुए सुमित कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आज गांव में 34 लोगों के कागजों में पाई त्रुटियों को दूर किया गया। शिविर में सांसद जिन्दल की ओर से आरंभ की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी लेने 8 लोग पहुंचे। इन शिविरों में 100 लोगों को डॉक्टरों ने परामर्श देकर निःशुल्क दवाईयां दी जबकि 23 लोगों के रक्त व युरिन के टेस्ट भी किये गये। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में काफी समय से नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन शिविरों में सरकारी योजनाओं से संबंधित कागजों को दुरूस्त करने का कार्य निःशुल्क किया जाता है। जिला प्रशासन के संबंधित कर्मचारी, पंचायत सदस्य, स्थानीय लोग, नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य और मोबाइल मेडिकल युनिट टीम द्वारा ग्रामीणों की कागजात संबंधित आम समस्याओं व स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं का मिलकर समाधान किया जाता है।

## 'प्राथमिक चिकित्सा से आपातकालीन स्थिति में जान बचाई जा सकती है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्राथमिक उपचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी से सोनिया शर्मा प्रवक्ता का प्रवीण वर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल जागलान, मेहर सिंह भी उपस्थित थे।सोनिया शर्मा प्रवक्ता ने




स्वयंसेवकों को बताया कि प्राथमिक चिकित्सा को महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि आपातकालीन स्थिति में समय पर मदद से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। अधिकांश

**आपात**

▶▶ चिकित्सा आपात स्थितियों में, यह समय के विरुद्ध दौड़ होती है, और समय पर सही कार्य करना महत्वपूर्ण होता है

चिकित्सा आपात स्थितियों में, यह हमेशा समय के विरुद्ध दौड़ होती है, और समय पर सही कार्य करना बहुत महत्वपूर्ण होता है।प्राचार्य मनीष घनघस ने स्वयंसेवकों को बताया कि किसी की मदद करने से कई फायदे होते हैं. इससे आपका मनोबल बढ़ता है, तनाव कम होता है, और आपकी सेहत भी अच्छी रहती है. साथ ही, आप एक बेहतर इंसान बनते हैं और दूसरों के लिए अच्छा उदाहरण बनते हैं। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक उपचार की गतिविधियों को सीखा। इस मौके पर संदीप आर्य, संजय शर्मा, गौरव, हिमांशी व नेहा उपस्थित रहे।

## किस्त नहीं जमा करने पर जब्त की गई कार मारपीट कर लूटी

**मुकदमा दर्ज**

▶▶ 30-40 युवकों को लेकर आ गया। यह सभी लाठी-डंडे लेकर आए थे। एक कार को उनके आगे अड़ा कर उन्हें रोक लिया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में एचडीबी फाइनेंस सर्विस से लोन पर ली गई कार की किस्त जमा नहीं कराने पर उसे पुलिस की मदद से जब्त कर लिया गया। रिकवरी एजेंट जब कार को लेकर जाने लगे तो रास्ते में युवक व उसके 30-40 साथियों ने रिकवरी एजेंट व एक अन्य पर हमला कर कार को वापस छीन लिया और धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव खेड़ी दमकन निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह एचडीबी फाइनेंस सर्विस में रिकवरी एजेंट हैं। एचडीबी फाइनेंस सर्विस से लोन लेकर एक कार खरीदी गई थी। जिसकी किस्त जमा नहीं कराई जा रही थी। कार मालिक गांव घसौली की ललतेश पर फाइनेंस सर्विस की तरफ से 3.10 लाख रुपये बकाया है। कोर्ट ने सेक्शन-9 के तहत गाड़ी की रिकवरी के आदेश जारी कर दिए थे। 8 जनवरी को उन्हें सूचना मिली कि कार बहालगढ़ में एक ऑटोमोबाइल के पास खड़ी है। इसके बाद एचडीबी से मैनेजर जगबीर, अन्य तथा वह थाना बहालगढ़ पुलिस की मदद से कार को रिकवर कर ले आए। कार को उठाने के बाद थाना बहालगढ़ में ले गए। वहां से आवश्यक कार्रवाई करने के बाद देर शाम 7.30 बजे वह जब्त की गई कार लेकर चल पड़े। सुरेंद्र ने बताया कि रात करीब आठ बजे जब वह कार लेकर यार्ड के लिए निकले तो कुमासपुर फ्लाईओवर के पास ललतेश के पति राजेश अपने साथ 5-10 कारों में 30-40 युवकों को लेकर आ गया। यह सभी लाठी-डंडे लेकर आए थे। एक कार को उनके आगे अड़ा कर उन्हें रोक लिया गया।

## मोबाइल हैक करके तीन लाख के करीब की राशि खाते में निकाली

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में कैंटर चालक के मोबाइल को हैक करके उसके खाते से करीब तीन लाख रुपये की राशि को निकाल लिया। पीड़ित को मोबाइल सिम बंद होने का डर दिखाकर ठगों ने वारदात को अंजाम दिया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव सलीम सर माजरा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका खाता गीता भवन चौक पर स्थित बैंक में है।

## डॉ राकेश गर्ग ने स्टेट एनएसएस अवार्ड जीतकर रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के एनएसएस यूनिट व प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग ने स्टेट एनएसएस अवार्ड को जीतकर कॉलेज के इतिहास को स्वर्णिम और गौरवमयी बना दिया है । इस पुरुस्कार की घोषणा आज दिनांक 10-01-2025 को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा की गयी । यह पुरस्कार हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय नायब सिंह सैनी इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम पंचकूला में 12 जनवरी को आयोजित भव्य समारोह में देंगे । यह पुरस्कार कॉलेज एनएसएस यूनिट व डॉ राकेश गर्ग द्वारा एनएसएस में किये गए उल्लेखनीय कार्यों और



योगदान के मद्देनजर दिया जा रहा है । डॉ राकेश गर्ग ने पानीपत जिले और हरियाणा प्रदेश को एनएसएस के क्षेत्र में एक अलग स्थान और पहचान दिलाई है । पूरे प्रदेश में 3 स्टेट एनएसएस अवार्ड की घोषणा हुई है । स्टेट एनएसएस अवार्ड को प्रत्येक वर्ष एनएसएस स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस इकाइयों, विश्वविद्यालयों और परिषदों को उनके स्वैच्छिक सेवा योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है ।

**गौरवमयी**

▶▶ गर्ग ने स्टेट एनएसएस अवार्ड को जीतकर कॉलेज के इतिहास को स्वर्णिम और गौरवमयी बना दिया

डॉ राकेश गर्ग द्वारा पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से किया गया सामाजिक कार्य अत्यंत प्रशंसनीय तथा युवाओं के लिए प्रेरणादायी है । प्रधानमन्त्री योजना, उज्जवला योजना, जन-धन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ जैसी स्कीमों में मेहनत से कार्य किया । रक्तदान शिविरों में 28 बार रक्तदान दिया । कोरोना काल में गरीब और वंचित विद्यार्थियों एवं बच्चों की आर्थिक और शैक्षणिक मदद की । हजारों वृक्ष लगाकर अपने पर्यावरण बोध का परिचय दिया । एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) के सभी पदाधिकारियों, एसडी पीजी कॉलेज पानीपत प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजेव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और अन्य प्राध्यापकों ने कॉलेज एनएसएस यूनिट व डॉ राकेश गर्ग की इस उपलब्धि को विलक्षण और असाधारण बताया और उसे बधाई दी ।

## अंत:महाविद्यालय निबंध-लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत के हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर अंतःमहाविद्यालय निबंध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। हिंदी भाषा की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'वैश्विक पटल पर हिंदी, सोशल मीडिया का हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान' नामक विषय निबंध-लेखन प्रतियोगिता के लिए निर्धारित किए गए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने हिंदी साहित्य परिषद के संरक्षक होने के नाते हिंदी विभाग के सभी



प्राध्यापकों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान के तकनीकी युग में हिंदी भाषा का विशेष महत्त्व है। हिंदी भाषा अपने सामर्थ्य से वैश्विक भाषा बन रही है। हमारा कर्त्तव्य है कि हम अपनी मातृ भाषा हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में योगदान दें। विश्व हिंदी दिवस सिर्फ दिन नहीं है अपितु विश्व में हिंदी के बढ़ते कद को उत्सव के रूप में मनाने का दिन है। प्रतियोगिता एवं परिषद संयोजक प्रा. विजय सिंह ने बताया कि हिंदी साहित्य परिषद विद्यार्थियों को रचनात्मक कौशल में दक्ष करने हेतु निरंतर अनेक साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन करती रहती है। जिनके माध्यम से जिज्ञ-ासु एवं लेखन के प्रति उत्साही विद्यार्थियों को आत्माभिव्यक्ति का

**निबंध-लेखन**

▶▶ सोशल मीडिया का हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान' नामक विषय निबंध-लेखन प्रतियोगिता के लिए निर्धारित किए गए

सशक्त मंच मिलता है।प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। हिंदी विभाग से प्रा. विजय सिंह, प्रा. गोपाल, प्राध्यापिका कविता के निर्देशन में निबंध-लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, निबंधों का गहन मूल्यांकन कर शीघ्र ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**सजा**

▶▶ जुर्माना राशि में से 50 हजार पीड़िता को देने के आदेश दिए गए जुर्माना न देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने व घर से रुपये चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 62 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है। वहीं जुर्माना न देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने 16 जुलाई, 2023 को पुलिस को बताया था कि 5 जुलाई, 2023 को वह घर पर अकेली थी। उनके माता-पिता काम से बाहर गए थे। तभी उनके पड़ोस का रहने वाला भूपेंद्र छत के रास्ते उनके घर में घुस गया था। आरोपी ने उनके साथ छेड़छाड़ की थी। आरोपी ने उन्हें बहकाकर शीतल पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था। उसके बाद आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इतना ही नहीं आरोपित उनके घर से 90 हजार रुपये निकालकर ले गया था। साथ ही किशोरी को धमकी दी थी कि उसके खिलाफ शिकायत दी तो उसके घर वालों को मार देगा। जिसके चलते लड़की डर गई थी। बाद में लड़की ने मामले से परिजनों को अवगत कराया तो उन्होंने आरोपित के माता-पिता को बताया तो उन्होंने भी धमकी दी थी।

जिस पर पीड़िता ने परिजनों संग जाकर 16 जुलाई, 2023 को पुलिस को अवगत कराया था।

# आर्य कॉलेज में हुआ रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
शुक्रवार को आर्य पीजी कॉलेज की एन.एस.एस, यूथ रेड क्रॉस व रेड क्रॉस ब्लड सेंटर पानीपत, श्री कैलाशी सेवा समिति फाउण्डेशन, अग्रवाल युवा क्लब,पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में अपना पक्ष के पूर्व संपादक रहे स्वर्गीय राकेश मित्तल की स्मृति में दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही पूर्व संपादक राकेश मित्तल की स्मृति में रूद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया गया। रक्तदान शिविर में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ पानीपत शहर व गांव से आए व्यक्तियों ने भी पूरे जोश के साथ बढचढ कर शिविर में भाग लिया और रक्तदान किया। शिविर में 69 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि रहे आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व अपना पक्ष पत्रिका की तरफ से



आए सम्मानि सदस्यों व स्वर्गीय राकेश मित्तल के परिवार जनों ने स्वर्गीय राकेश मित्तल को श्रदांजलि दी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि बताया कि कॉलेज की एन.एस.एस, यूथ रेड क्रॉस व रेड क्रॉस ब्लड सेंटर पानीपत, श्री कैलाशी सेवा समिति फाउण्डेशन, अपना पक्ष पत्रिका परिवार, अग्रवाल युवा क्लब,पानीपत के संयुक्त तत्वावधान अपना पक्ष के पत्रिका के संपादक रहे स्वर्गीय राकेश मित्तल की याद में रक्तदान शिविर के साथ-साथ आँखों व मधुमेह के फ्रि चैकअप शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है,लोगों को जीवन का मूल्य समझना चाहिए। हम में से हर एक को रक्तदान करना चाहिए। यह किसी की जान बचा सकता है और इसलिए आपको इसका महत्व समझना और अपने आस-पास के अन्य लागों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पानीपत

**रक्तदान महादान**

**▶▶ रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बढचढ कर भाग लिया**

शहर में श्री कैलाशी सेवा समिति फाउण्डेशन की तरह और भी कई एनजीओ इस समय-समय पर इस तरह के रक्तदान शिविर का आयोजन करती रहती हैं। अंत में डॉ. गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक राजकुमार भारद्वाज जो टी सीरिज कंपनी व संस्कार टीवी पर भजन गाते हैं उन्होंने अपने भजनों से राकेश मित्तल को श्रदांजली अर्पित की। वहीं शिविर में रक्तदाताओं को गंगा जल के साथ-साथ तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए।

रैड क्रॉस से सोसायटी की ओर से आई डॉ. पूजा सिंहल ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों में युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वो जितनी बार भी आर्य कॉलेज में रक्तदान शिविर में आती हैं तो हर बार पहले से ज्यादा युवा रक्तदान करते हैं। जो हमारे समाज के लिए एक सकारात्मक सोच का निर्माण करता है। कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराध सिंह,नेहा बंसल , डॉ. विजय सिंह, प्रो. विवेक गुप्ता व डॉ. मनीषा डुडेजा ने रैड क्रॉस से आए डॉ. पूजा सिंहल व उनकी टीम का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया।
कॉलेज के एन.एस.एस. इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बढचढ कर भाग लिया।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर खिलाड़ियों को रियल जूस वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा सिख धर्म के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गाँव तंगोर के ज्ञान ज्योति सीनियर पब्लिक स्कूल की खेल नर्सरी के खिलाड़ियों को रियल जूस वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने किया उन्होंने बताया की ।आज हम सभी महान योद्धा, सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मना रहे हैं।गुरु जी ने न केवल धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया, बल्कि हमें एक ऐसा जीवन जीने का मार्ग दिखाया जो साहस, बलिदान और सच्चाई से भरा हो।



"चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊं, तबी गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।" सभी को गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। वाहेगुरु जी का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे। विद्यालय वह खेल नर्सरी के संचालक जसबीर राणा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक, सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर कोटि-कोटि नमन।गुरु पर्व खुशियों का पर्व है । इसे हमें मिल-जुल कर सबके साथ मनाना चाहिए जिससे हमारी खुशियां दुगुनी हो जाती है । सेवा ट्रस्ट यूके ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से गाँव तंगोर में जूस वितरित इस अवसर पर खेल नर्सरी के सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री 12 जनवरी को पंचकूला से इंडोर जिम का करेंगे शुभारंभ

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह आगामी 12 जनवरी को पंचकूला के इंद्र धनुष सभागार में आयोजित होने जा रहे युवा दिवस समारोह में इंडोर जिम का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस कड़ी में पानीपत जिले के 14 इंडोर जिम का भी शुभारंभ करेंगे। पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप ने बताया कि जिले के जिन इंडोर जिमों का शुभांरभ होगा उनमें पसीनाकलां, बबैल, बडौली, बराना, ददलाना, महमदपूर,प्रहलादपुर खलीला, कुराड़, छाजपुर कलां, बलाना, बिजावा, बुढश्याम, कुटानी, बुआना लाखु के नाम शामिल है।

### दुनिया का सबसे बड़ा दान है रक्तदान: मिथुन समाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती अपितु हमारा रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करके पुण्य का भागीदार बन सकता है। यह शब्द 66वीं बार रक्तदान करते हुए जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र के सदस्य रक्तदाता मिथुन समाना ने कहे। मिथुन समाना ने बताया कि उन्हें करनाल से उनके मित्र महक के माध्यम से पता चला कि सैनी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में दाखिल एक 8 महीने का बच्चा रक्त ना मिलने की वजह से जिंदगी औ? मौत से जूझ रहा है। इस आपात स्थिति में रक्त की जरूरत पड़ने पर वह स्वयं रक्तदान करने पहुंचे औ? रक्तदान किया। रक्तदान करते हुए उन्होने बताया कि समय समय पर हम रक्तदान शिविर भी आयोजित करते है और रक्तदान जागरूकता शिविर भी आयोजित करते रहते है। जन सहयोग संस्था के संस्थापक जितेंद्र कुमार व प्रधान अंगूरी लाल ने बताया कि हमारे एक यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है हमारे द्वारा दिया गया रक्त गर्ववती महिलाओं को थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को व अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को लगाया जाता है। हर स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 60 वर्ष हो वो हर 3 महीने बाद रक्तदान कर सकता है। इस मौके पर डॉक्टर साहिल कालिया,संजीव वर्मा,प्रदीप शर्मा,मोनिका ,चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद की सहायता करना बड़े पुण्य का कार्य : प्रो. सुनील ढींगरा




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** किसी जरूरतमंद की सहायता करना बडे.पुण्य का कार्य होता है। मानवता के हित में हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए जर्सी एवं जैकेट वितरण समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू ऐसे पुण्य कार्य में हमेशा अपनी भागीदारी निभाता है। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह स्वामी विवेकानंद जी की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए मानवता की सहायता करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में शिक्षा ग्रहण कर रहे जरूरतमंद अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों को जर्सी एवं जैकेट वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रबंधन अध्ययन संस्थान की डॉ. संगीता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधि संस्थान की छात्रा उपासना ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

# विकसित भारत अभियान में विज्ञान का अहम योगदान: सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत अभियान में विज्ञान का अहम योगदान है। 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा के समान है, जो हर क्षेत्र, हर राज्य के विकास को गति देने की क्षमता रखता है। यह उद्गार उन्होंने शुक्रवार को केयू कमेटी रूम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद (एचएससीएसआईटी) पंचकूला के सहयोग से 04-05 फरवरी, 2025 को ह्यविज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनियाह्व विषय पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन की विवरणिका के



विमोचन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान सम्मेलन बुनियादी विज्ञान में उपलब्ध शोध परिप्रेक्ष्य और अवसरों की कल्पना करता है और हरियाणा के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों को बुनियादी विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि चौथे विज्ञान सम्मेलन की मेजबानी करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विज्ञान सम्मेलन का उद्देश्य हरियाणा में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों के बीच बुनियादी विज्ञान में रुचि और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि विवरणिका में विज्ञान सम्मेलन के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।
इसके दौरान विज्ञान से संबंधित होने वाली प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। इसके साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का इतिहास, कुरुक्षेत्र शहर का इतिहास, पंजीकरण का लिंक, विज्ञान सम्मेलन की वेबसाइट सहित आयोजन कमेटी की जानकारी प्रदान की गई है। विज्ञान सम्मेलन में विज्ञान क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अपने अनुभव एवं विचार भी साझा करेंगे।
इस अवसर पर विज्ञान सम्मेलन के संरक्षक डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, सह-संरक्षक डीन फैकल्टी ऑफ साइंस प्रो. संजीव अरोड़ा, संयोजक फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश खरब, सह-संयोजक कैमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीपी दुबे, आयोजन सचिव फिजिक्स विभाग की डॉ. सुमन मेंहदिया, सलाहकार कमेटी की सदस्य प्रो. अनीता भटनागर, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया मौजूद रहे।

# किसान के खेत से खाद के कट्टे व बैटरी इनवर्टर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव जाजी में किसान के खेत से खाद के कट्टे व बैटरी इनवर्टर के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नैना निवासी प्रदीप ने बताया कि उसने गांव जाजी में विकास की जमीन काश्त करने के लिए ले रखी है। खेत में उसके मामा ने कोठरा बना रखा है। उसके अंदर 30 कट्टे यूरिया व चार कट्टे डीएपी खाद के रखे हुए थे। वह हर रोज कोठरे को बंद करके घर चला जाता था। किसी ने गत आठ जनवरी को ताला तोड़कर कोठरे के अंदर से 12 कट्टे यूरिया, चार कट्टे डीएपी खाद व इन्वेंटर की एक बैटरी को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।
मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई दिनेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# नियोलिव टाइटन एंड नियोलिव किंग्स ने मैच जीता



**सोनीपत** नियोलिव जो कि मुंबई की फण्ड लीड डेवलपर है उन्होंने कुंडली सोनीपत मे 50 चैनल पार्टनर कंपनीज के बीच में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें 4 टीम ने भाग लिया। नियोलिव किंग, नियोलिव जायंट, नियोलिव टाइटन,और नियोलिव वॉरियर्स। नियोलिव कुंडली सोनीपत में 20 एकड़ में लक्जरी टाउनशिप लेकर आ रहे है। नियोलिव टाइटन एंड नियोलिव किंग्स ने मैच जीता इस क्रिकेट प्रतियोगिता का सभी ने लुफ्त उठाया और कंपनी को सलाह दी कि आगे भी इस तरह का आयोजन करते रहे।

# रोजगार सेमिनार का हुआ आयोजन

**अवगत कराया**

**▶▶ सुबह 10 बजे रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिला रोजगार कार्यालय के प्रांगण में सुबह 10 बजे रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में



सहायक ब्रांच मैनेजर हर्निश सिंगला ने एलआईसी की महिला कैरियर एजेंट योजना एलआईसी बीमा सखी जोकि तीन साल अवधि वाली स्टाइपेंडरी योजना पर विस्तार से जानकारी दी। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि इस योजना में 18 वर्ष से 70 वर्ष की आयु वाली महिला जिनकी शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं पास हो भाग ले सकती है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की दिक्षा ने जीता स्वर्ण पदक

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की दिक्षा, कक्षा दसवीं-बी की छात्रा ने हाल ही में संपन्न जेकेएस साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह चैंपियनशिप 4 व 5 जनवरी तक मेरठ में आयोजित की गई थी। दिक्षा की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए, दिक्षा को आगामी 1 जुलाई से 6 जुलाई तक नॉर्वे के ओस्लो में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए भी चयनित किया गया है।

# साधना केंद्र प्रमुख योग संस्थान की रीढ़ हैं : सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान के युधिष्ठिर योग जिले द्वारा महिला योग शक्ति दिवस शिव शक्ति मंदिर, सेक्टर 7 में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान सुमन तोमर द्वारा किया गया । बरखा सह संचालिका थी । कार्यक्रम में ऋतु ने पंजाबी डांस, राजेश व वीरमती ने शिव पार्वती नृत्य, बरखा ग्रुप ने मेरे घर राम आये हैं, ओमी देवी ने हास्य नाटिका, रेणु जैन ने बाल नाटिका, सुमन तोमर एवं साखियों ने हरियाणवी डांस से सबका मन मोहा । योग पर आधारित नाटिका को बहुत सराहा गया जिसमें विभिन्न योग मुद्राएँ प्रदर्शित की



गईं । रमणी का नृत्य भी बहुत सुन्दर था । सरोज सैनी, उमा, रत्ना, संतोष गुलाटी, नीरज, ने भजनों से सबका मन मोह लिया । शालू ने क्लासिकल डांस किया । ए पी जैन ने सभी को आशीर्वाद दिया । कार्यक्रम की खास बात यह रही कि उन केंद्र प्रमुखों को मुख्य अतिथि बनाया गया जिन्होंने इस साल नए योग साधना केंद्र खोले। जिला प्रधान सुमन तोमर ने कहा कि केंद्र प्रमुख संस्थान की रीढ़ हैं । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्थान के साधक व आमंत्रित

**साधना केंद्र**

**▶▶ उन केंद्र प्रमुखों को मुख्य अतिथि बनाया गया जिन्होंने इस साल नए योग साधना केंद्र खोले**

अतिथि गण व मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे । शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का सुंदर समापन हुआ ।इससे पहले कृष्ण योग जिला द्वारा भी शास्त्री नगर स्थित हरि ओम मंदिर में महिला योग शक्ति दिवस जिला प्रधान देवी दयाल सैनी के नेतृत्व में बड़े उत्साह और महिला प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया ।

# आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
हरियाणा सरकार द्वारा आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। कोई भी नागरिक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरकार के आम बजट को लेकर अपने सुझाव दे सकता है। डीसी डाक्टर विरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा का बजट सत्र फरवरी में प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार द्वारा बजट में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिए इस बार नई पहल की है।
इसके तहत कोई भी व्यक्ति बजट को लेकर वित्त विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने सुझाव दे सकेगा। डीसी ने बताया कि सुझाव के लिए बाकायदा क्षेत्रवार जरूरतों के अनुसार आर्थिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक तीन प्रमुख श्रेणियां बनाई गई हैं। इनके तहत सामाजिक कल्याण, पुलिस, स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल हेल्थ एवं रिसर्च, महिला एवं बाल विकास आदि विषयों पर नागरिक द्वारा सुझाव दिए जा सकेंगे।
**ऐसे दिए जा सकते सुझाव:**
हरियाणा सरकार के आम बजट 2025 को लेकर सुझाव देने के लिए वित्त विभाग की साइट एचटीटीपीएस://एफआईएनएचआर वाईडॉटजीओवीडॉटइन/ पर लिंक उपलब्ध करवाया गया है।

# सुरेंद्र शर्मा बने लाडवा ब्लॉक के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**हरियाणा** रिटायर कर्मचारी संगठन जिला कुरुक्षेत्र के ब्लॉक लाडवा का त्रिवार्षिक चुनाव दिनांक 7 जनवरी 2025 को चुनाव पर्यवेक्षक जिला प्रधान सुल्तान सिंह मराठा, जिला महासचिव बरखा राम जास्ट की देख रेख में संपन्न हुआ चुनाव में संगठन से संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारीयों व कर्मचारीयों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया उपस्थित पदाधिकारीयों ने अपने वक्तव्य में चुनाव सर्वसम्मति से कराने की बात रखी चुनाव प्रभारी एवं राज्य सचिव राजपाल गुंसर ने कहा कि लाडवा ब्लॉक का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ चुनाव के



दौरान निम्न पदाधिकारी चुने गए सुरेंद्र शर्मा ब्लॉक प्रधान, वरिष्ठ उप प्रधान सुरेश सैनी, सचिव तेजवीर,
सह सचिव इंद्रजीत, उप प्रधान गुरनाम गुड्डी, विजयपाल, कैशियर सोहनलाल, प्रेस सचिव सुखदेव,श्रवण सिंह, ऑडिटर बलकार सिंह, प्रचार सचिव अमृत कंसल, सलाहकार अशोक कुमार, चेयरमैन सुखबीर सिंह चुने गए पदाधिकारीयों को संगठन के संविधान अनुरूप राज्य सचिव राजपाल गुंसर, प्रेम सिंह बेरथली राज्य उप प्रधान ने पद गोपनीयता के शपथ दिलाई व रिटायर्ड कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन रिटायर कर्मियों की मांगों को लेकर प्रयासरत है।

# लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान होगा रोजाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,10 जनवरी।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लघु सचिवालय प्रथम तल सभागार में रोजाना सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचते है ताकि प्रत्येक विभाग से सम्बन्धित समस्या का मौके पर ही समाधान संभव हो सके। इसलिए कुरुक्षेत्र के सभी नागरिकों से बार-बार अपील की जा रही है कि इन समाधान शिविर का फायदा उठाना चाहिए और अपनी हर प्रकार की समस्या का समाधान इस शिविर के माध्यम से करवाना चाहिए।
उपायुक्त ने कहा कि लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान लघु सचिवालय में रोजाना लगने वाले समाधान शिविर में किया जा रहा है। इस शिविर में कोई भी व्यक्ति किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या रख सकता है। इस समस्या का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस समाधान शिविर के लगने से लोगों को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के कार्यालयों में चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल रहा है।

# किसान यूनियन ने पानीपत में प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
पानीपत के डाहर टोल प्लाजा पर किसानों ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के समर्थन में प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। किसान यूनियन के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में जिले भर के किसान एकत्र हुए।
युवा किसान नेता मनोज जागलान ने कहा कि यह प्रदर्शन केंद्र सरकार को जगाने और डल्लेवाल की जान बचाने के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम



हरियाणा के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं। जागलान ने चेतावनी दी कि अगर डल्लेवाल को कुछ होता है, तो इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार जिम्मेदार होंगी।
किसान नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार तीन कृषि कानूनों को दूसरे रूप में लागू कर किसानों को खत्म करना चाहती है।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज से उनके कश्मीरी गेट स्थित कार्यालय में मुलाकात की और दिल्ली विधानसभा चुनावों के संचालन के संबंध में दिल्ली कांग्रेस की ओर से विभिन्न चिंताओं को व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन अधिकारी से अधिक मतदान प्रतिशत वाली विधानसभाओं में अनावश्यक देरी के बिना मतदान को सुचारू रूप से प्रबंधित करने के लिए चुनाव मशीनरी



को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की, ताकि मतदाताओं को लंबी कतारों और देर रात मतदान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से यह भी अनुरोध किया कि मतदाता सूची में कोई भी नाम काटना और जोड़ना बिना पूर्ण सत्यापन के नहीं किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में देवेन्द्र यादव के अलावा एआईसीसी दिल्ली प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी के साथ दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ और हारून यूसुफ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, बूथ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश गर्ग और कानूनी और मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन अध्यक्ष एडवोकेट सुनील कुमार भी शमिल थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्रों के बाहर उपयोग की जाने वाली टेबल की संख्या और पार्टी के झंडे, प्रतीकों और अन्य सामग्रियों को लगाने के संबंध में स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश जारी नहीं करने के बारे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपनी चिंता भी व्यक्त की।

# 'पूर्वांचलवासियों के वोट से जीतने वाले केजरीवाल ने दिया धोखा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** पूर्वांचल मोर्चा ने 5 फिरोजशाह रोड के बाहर अरविंद केजरीवाल द्वारा पूर्वांचलवासियों को फर्जी वोटर्स बताने के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अरविंद केजरीवाल पूर्वांचल समाज को जो शब्द बोले हैं उसे वापस लेते हुए सभी से माफी मांगे। एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में लक्ष्मीनगर से भाजपा विधायक अभय वर्मा, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, भाजपा नेता सुमित भसीन, पूर्वांचल मोर्चा सह प्रभारी कौशल मिश्रा एवं मनीष सिंह, महिला



मोर्चा की अध्यक्षा ऋचा पांडे मिश्रा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सागर त्यागी, भाजपा कार्यालय मंत्री बृजेश राय, भाजपा प्रवक्ता शुभेन्दू शेखर अवस्थी, भाजपा नेता यासिर जिलानी, मोर्चा महामंत्री संजय तिवारी, विपिन बिहारी सिंह और हजारों पूर्वांचलवासी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 5 फिरोजशाह रोड़ स्थित अरविंद केजरीवाल के आवास की ओर बढ़ते हुए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार करने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उनके ऊपर वाटर कैनन चलाकर रोका और प्रदर्शनकारियों को डिटेन कर मंदिर मार्ग थाना ले जाया गया।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली टीम ने जीता रजत पदक: उत्तम आर्य






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पुडुचेरी सरकार** व भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 4 से 7 जनवरी 2025 तक 30वीं अंतर्राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम ओल्ड पोर्ट पुडुचेरी में किया गया। जिसमें टीम दिल्ली (भारत) ने हिस्सा लिया। 10 जनवरी को दिल्ली लौटने पर टीम मैनेजर उत्तम आर्य ने बताया कि चैंपियनशिप में 17 देशों के 2100 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें पुरुष टीम वर्ग में टीम दिल्ली ने रजत पदक जीतकर दिल्ली व देश का नाम रोशन किया। सभी बच्चों को पदक पुडुचेरी प्रदेश के मुख्यमंत्री नटेसन कृष्णासामी रंगासामी जी के कर कमलों द्वारा दिए गए। टीम के 8 लड़कों ने हिस्सा लिया, जिसमें मनमीत सहरावत, नैतिक ठाकरान, रक्षित, वीरेन दांगी, रोशन, युवराज यजक, नक्ष, हन्नी शामिल हैं।

# असड़ी के नेतृत्व में स्लम क्षेत्रों में किया गया जनसंपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से चुनावी प्रचार-प्रसार जोरों-शोरों से चल रहा है, भाजपा के कार्यकर्ताओं से लेकर शीर्ष नेताओं तक दिल्ली वासियों के घरों में दस्तक देकर अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाकर व भाजपा आने के बाद वालों के लिए क्या-क्या सेवाएं देने वाली है उसको लेकर वोट मांग रही है। इसी कड़ी में चांदनी चौक से विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी के नेतृत्व में चांदनी चौक विधानसभा के सिविल लाइन वार्ड स्थित झुग्गियों में व घर-घर जाकर संपर्क किया और लोगों को आगामी 5 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी को कमल पर बटन



दबाकर वोट देने की अपील की। इस दौरान हरीश असड़ी के साथ-साथ विस्तारक चांदनी चौक विधानसभा सागर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष सिविल लाइन योगेश शर्मा, महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, मीडिया प्रमुख अमनप्रीत सिंह के साथ-साथ भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहें। हरीश असड़ी ने कहा कि दिल्ली की आप सरकार ने दिल्ली की जनता से तमाम वादें किए थे उन वादों को पूरा करना तो दूर की बात है केजरीवाल सरकार दिल्ली वासियों की पानी की प्यास भी बुझाने में नाकाम साबित हुई है। तो वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि हमारे इलाके में सालों से पीने का पानी ही नहीं मिल रहा है और जब पानी आता भी है तो वह इतना दूषित होता है कि जो कि पीने योग्य नहीं होता है। असड़ी ने कहा कि केजरीवाल की निकम्मी सरकार और मंत्रीयों के खिलाफ दिल्ली के लोगों में रोष व्याप्त है जो कि आठ फरवरी को चुनावी नतीजें से साथ ही उनके समक्ष आ जाएगा। असड़ी ने कहा कि पीने का पानी भी गंदा आता है और बिजली के बढे हुए बिल भी आ रहे हैं और केजरीवाल का झूठ सबके सामने आ चुका है। क्योंकि इसी कॉलोनी के बिल्कुल सामने केजरीवाल का निवास स्थान भी रहा है।

# बुराड़ी में भाजपा नेता दीपक कुमार का उनके समर्थकों ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले व जिला उत्तर पूर्वी समस्त मोर्चा प्रभारी व चुनाव प्रभारी इलेक्शन कमेटी जिला उत्तर पूर्वी दीपक कुमार का उनके समर्थकों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस मौके पर दीपक कुमार ने पहले मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की, तत्पश्चात भाजपा के कार्यकर्ताओं ने केट काटकर उनका मुहं मीठा करके गाजे बाजों के साथ उनको बधाई देते हुए दीघार्यु की कामना की तथा बुराडी से पूर्व पार्षद अमन राममूर्ति त्यागी सप्रेम भेंट स्वरूप में हनुमान जी की गदा भेंट की। इस मौके पर मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर, हितेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्वैता कौशिक, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, जिला कार्यालय मंत्री दिनेश त्यागी, संजीव झा, मंडल अध्यक्ष बुराड़ी अनंत गोपाल, मंडल अध्यक्ष कदीपूर सुरेश कैन, मंडल अध्यक्ष चंदर धवन, मंडल अध्यक्ष मुकुंदपुर रामगोपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष संत नगर कृष्णपाल, उपाध्यक्ष संतनगर कुलदीप पंवार, मंडल महामंत्री विजय प्रताप राठौर, अध्यक्ष धनाल्या सोसाइटी धीरज मालिक, कौशल शर्मा, अधिवक्ता विनोद मुदगिल, प्रवीण चौधरी, पंकज चौधरी जगतपुर, कंवर राज त्यागी, आदेश त्यागी, वीरेंद्र त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष, मुकेश त्यागी, विनोद त्यागी, दिलीप ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष, अरविंद राणा, गीता सैनी, इस्कॉन समिति बुराड़ी संतनगर, डीके कॉवेंट के चेयरमैन गिरीश जोशी सहित सैकड़ों की तादाद में विधानसभा के लोगों ने दीपक कुमार के आवास पर आकर बधाई दी। तथा आरडब्ल्यूए हूवर अपार्टमेंट अध्यक्ष हरीश शर्मा ने अपने आवास पर भी दीपक कुमार का जन्मदिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर दीपक कुमार को बधाई देने वालों का तांता उनके निवास स्थान पर सुबह से ही लगा रहा। इस दौरान दीपक ने पहले मंदिर में जाकर भगवान से आर्शिवाद मांगा उसके बाद कार्यकर्ताओं के बीच जाकर जन्मदिन मनाया व अपने सभी समर्थकों का आभार भी व्यक्त किया।

# वजीरपुर क्षेत्र: आरजेडी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्रजीत यादव कांग्रेस में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने इन्द्रजीत यादव को कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया।

आपको बतादें कि इन्द्रजीत यादव आरजेडी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रह चुके है।

इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा काजी निजामुद्दीन, सुखविंदर सिंह डैनी, कनार्टक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से



कांग्रेस की प्रत्याशी रागिनी नायक, अशोक बसौया, अमित गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर इन्द्रजीत यादव ने बताया कि मैं कांग्रेस की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। मैं कई बार वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुका हूं। उन्होंने आगे बताया कि मैं कांग्रेस पार्टी के आला नेताओं को विश्वास दिलाता हूं कि मैं कांग्रेस को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत करने कार्य करूगां।

इस मौके पर इन्द्रजीत यादव ने बताया कि मेरे साथ मनोज ठाकुर, रमेश कुमार गुप्ता, डा. रामचंदर, महेंद्र यादव, जगदंबा यादव एवं जनचेतना मंच के अनेक पदाधिकारी भी शामिल हुए हैं।

इस मौके पर कई लोगों ने इन्द्रजीत यादव का स्वागत भी किया।

# आदर्श नगर: समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा ही आगे रहते है मनोज कुमार सिंघल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श नगर क्षेत्र में रहने वाले मनोज कुमार सिंघल आज अपने कार्यों की बदौलत किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।

आपको बतादें कि मनोज कुमार सिंघल क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है। आपको यह भी बतादें कि मनोज कुमार सिंघल अपना परिवार एनजीओ के संस्थापक अध्यक्ष होने के साथ-साथ श्री राधाकृष्णा दर्शन परिवार के प्रधान और सुरक्षा समिति आरडब्ल्यूए



आदर्श नगर एक्सटेंशन के संयोजक और अनेको संस्थाओं के सदस्य भी है। मनोज कुमार सिंघल का कहना है कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा ही आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मैं कई संस्थाओं से साथ जुड़कर लोगों की मदद करता हूं।

उन्होंने आगे यह भी बताया कि अपना परिवार संस्था के माध्यम से क्षेत्र में कई बार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, जागरूकता अभियान सहित कई प्रकार के कार्यक्रम किये जा चुके है। साथ ही समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि व्यक्ति को हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए और सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र में गौ ग्रास रिक्शा का संचालन भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य लोगों की मदद करना है, जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

# ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने किया 'वक्त की पुकार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** शाह ऑडिटोरियम में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया की अध्यक्षता में 'वक्त की पुकार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक जयकिशन, बुराडी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगेश त्यागी, चाँदनी चौक विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मुदित अग्रवाल, जिला अध्यक्ष कांग्रेस आदेश भारद्वाज, श्याम सिंह सिसोदिया कांग्रेस नेता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस मौके पर फ्रंट की ओर से मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, ओमदत्त चंडालिया महामंत्री, दीपक बग्गा संगठन मंत्री, रमेश समर्पित प्रवक्ता, रामरतन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सरूप सिंह, जगदीश खैरालिया राष्ट्रीय सचिव, अनिल ढिलौड राष्ट्रीय सचिव, नरेश कीर सचिव, संजय पंवार दिल्ली प्रदेश महामंत्री, दिनेश, दीपक चंडालिया, विजय पार्चा राष्टीय सदस्य, राजू राष्ट्रीय सदस्य, सुनील कंडेरा राष्ट्रीय सदस्य, विक्की कामवाल, पुष्पा टांक, महिला विंग से पिंकी सूद, बीना लुक्कड, सीमा चंदोलिया, सुनीता पार्चा, दीया राजपूत, सीमा सहित समस्त पदाधिकारी व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर समाज के कई लोगों को श्रद्धाजंलि भी दी गई। खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर भव्य रूप में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस दौरान कई राज्यों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दघेंटा में सांसद हेमा मालिनी ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का शिलान्यास

**टीम एक्सन इंडिया**
**मथुराः समग्र** शिक्षा के अंतर्गत गांव दघेटा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व आवास का शिलान्यास बृहस्पतिवार को किया गया । जिसमें छात्राओं के लिए बनने वाले विद्यालय व होस्टल भवन निर्माण 417.89 लाख रुपए सरकार ने स्वीकृत किए है। शिलान्यास सांसद हेमा मालिनी व बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने मंत्रोचारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर किया । इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी कहा आधारभूत सुविधाओं के अभाव में जिन बालिकाओं की



पढ़ाई बीच में बाधित हो जाती है। ऐसी छात्राओं को इस आवासीय स्कूल के माध्यम से आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा शासन में बड़े काम हुए है। किसी भी जाति, धर्म, वर्ण, वाद से प्रभावित हुए बिना क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी


**स्वीकृत**

▶▶ छात्राओं के लिए बनने वाले विद्यालय व होस्टल भवन निर्माण 417.89 लाख रुपए सरकार ने स्वीकृत किए

प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि ब्रज क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार जगह जगह बालिका महाविद्यालय व आवास पर सरकार कार्य कर रही है । विधायक पूरन प्रकाश ने कहा बालिका छात्रावास बनने से क्षेत्र की बेटियों को पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। विद्यालय निर्माण में कमरे ,प्रयोगशाला , शौचालय ,छात्रावास एवं भवन निर्माण के कार्य होंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आदेश कुमारन, जिला विद्यालय निरीक्षण धीरेंद्वीर सिंह, एसए सुनील दत्त, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष डा मुरारी लाल अग्रवाल, वीईओ कौशल, प्रधान संगठन योगेश गौतम, अजीत छौंकर, अनिल रावत, कन्हैया लाल, कृपांशु, मोहित अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, अवधेश कुमार, बृजेश अग्निहोत्री, छात्र छात्राएं अभिभावक मौजूद रहे।

# अद्भुत संयोगः महाकुम्भ में पहली बार होगा चारों पीठ का संगम

**महाकुम्भ नगर**
**महाकुम्भ** में इस बार कई अद्भुत संयोग देखने को मिल रहे हैं ।आस्था के इस महाकुम्भ में जहां देश-विदेश के करोड़ों लोग आ रहे हैं,वहीं पहली बार ऐसा हो रहा है जब सनातन परम्परा के चारों सर्वोच्च पीठों का भी संगम होगा ।यह एक अद्भुत संयोग है जो पहली बार हो रहा है ।उल्लेखनीय है कि इस महाकुम्भ में पहली बार श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य आएंगे। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ में पहुंचेंगे। शंकराचार्य मार्ग स्थित उनके आश्रम में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। महाकुम्भ में ऐसा पहली बार हो रहा है,जब सनातन के चारों पीठों का मिलन होगा। कुंभ और महाकुम्भ के इतिहास में इसे अद्भुत संयोग के



रूप में देखा जा रहा है ।बताया जा रहा है कि पहली बार कर्नाटक स्थित श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ ने महाकुम्भ का आमंत्रण स्वीकार किया है। अभी तक प्रयागराज कुम्भ और महाकुम्भ में केवल तीन द्वारका-शारदा, ज्योतिष्पीठ के अलावा पुरी पीठ के शंकराचार्य ही आते रहे हैं। श्रृंगेरी पीठ से जुड़े लोगों का कहना है कि स्वामी भारती तीर्थ 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के सबसे बड़े शाही स्नान पर्व पर संगम में शिष्यों, अनुयायियों और संतों के साथ डुबकी लगाएंगे ।पीठ के शंकराचार्य 25 से 30 जनवरी तक शिविर में सत्संग और समसामयिक विषयों पर भक्तों का मार्ग दर्शन करेंगे। इस अवसर पर संतों-भक्तों और विश्व के कल्याण के लिए विविध अनुष्ठान भी किए जाएंगे ।उल्लेखनीय है कि इसके पहले वर्ष 1994 में शंकराचार्य भारती तीर्थ ने अपनी प्रयाग यात्रा की थी ।जिसमें उन्होंने पीठ द्वारा संचालित धर्मशाला परिसर में शारदांबा मंदिर और मठ के निर्माण की आधारशिला रखी थी,यहां भी उनके आगमन पर भक्तों और संतों का जमावड़ा होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में निजी विश्वविद्यालय के हॉस्टल में छात्रा ने की खुदकुशी

**लखनऊ: जिले** के एक निजी विश्वविद्यालय में शुक्रवार की सुबह हॉस्टल के कमरे में छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसने कमरे में आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची चिनहट थाना की पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट और छात्रा का मोबाइल कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा की पहचान मथुरा की रहने वाली अक्षिता उपाध्याय (20) के रूप में हुई है। वो यहां पर कैंपस में बने हॉस्टल के चौथे ब्लॉक की तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 308 में रह रही थी। उसके साथ सीमा और अलीशा खान भी रहती है। शुक्रवार की सुबह अलीशा ने अक्षिता के कमरे का दरवाजा खटखटाया। भीतर से कोई भी आवाज नहीं आयी। जब दरवाजा नहीं खुला तो किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका पर अलीशा ने असिस्टेंट वार्डेन दीप्ति मिश्रा को सूचित किया। उन्होंने चौकीदार की मदद से दरवाजा खुलवाया तो देखा कि अक्षिता की लाश पंखे के सहारे झूल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कमरे की तलाशी ली। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट और मोबाइल मिला है, जिसे जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में परिवार को जानकारी देते हुए कमरे में उसके साथ रहने थाली छात्रा से भी पूछताछ की जा रही है।

### 13 को महापंचायत में पहुंचेंगे राकेश टिकैत

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** वृंदावन में 13 जनवरी को होने वाली किसान महापंचायत में राकेश टिकैत पहुचेंगे। भारतीय



किसान यूनियन टिकैत से जुडे स्थानीय पदाधिकारियों का कहना है कि राकेश टिकैत वृंदावन में सोमवार को होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचेंगे और किसानों को संबोधित करेंगे। महापंचायत में अधिक से अधिक किसान पहुंचे इसके लिए गावों में संगठन पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है। गोवर्धन तहसील के गांव गांव में किसानों से भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने जनसंपर्क किया। किसानों से जनसंपर्क कर किसानों को जागृत करते हुए किसानों से होने वाली महापंचायत में पहुंचने की अपील की। गोवर्धन तहसील के राधा कुंड कोहनई, भगोसा, अडींग, जाजम पट्टी आदि गांव में किसानों को जागृत करने हेतु जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार मंडल अध्यक्ष आगरा रणवीर चार मंडल प्रमुख महासचिव जगदीश परिहार जिला अध्यक्ष मथुरा चौधरी धर्मवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थान जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मथुरा मीरा चौधरी वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रपाल सिकरवार महानगर अध्यक्ष सलीम खान निजाम खान राजवीर नेताजी राकेश चौधरी ओम प्रकाश अर्जुन सिंह प्रधान जी सीमा शर्मा राजकुमार अशोक प्रधान तहसील संगठन मंत्री महावन बच्चू सिंह अभिषेक चौधरी शक्ति पाल विजय राजपूत फारूक मामा अकबर दयाराम चौधरी राम नारायण महावीर करण सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### धूमधाम के साथ निकली श्रीराम की शोभायात्रा

**मथुराः अयोध्या** में श्रीराम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कस्बा राया में धूमधाम के साथ श्रीराम की शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकाली गयी। जिसमे काफी संख्या में महिलाओं-पुरुषों ने भी भाग लिया।

शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ सादाबाद मार्ग डिफेंस कालोनी थाना नगला मार्ग से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा सादाबाद मार्ग होते हुए डिफेंस कालोनी पर जाकर सम्पन्न हुई ।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने प्रभु राम जी की आरती उतार कर किया ।शोभायात्रा में राम भक्त राम जी की जय जयकार करते हुए साथ चल रहे थे। जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस दौरान भूपेश अग्रवाल प्रदीप शर्मा, राकेश बंसल विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा भूपेश अग्रवाल नरेंद्र रावत ब्रजमोहन सोलंकी अरविंद शर्मा रिंकू शर्मा देवेंद्र

सिंह मुकेश अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष राजेश चौधरी मोहन सिंह योगेश शर्मा मोहित सारस्वत रामप्रकाश

शर्मा सभासद अमित अग्रवाल सचिन अग्रवाल सागर शर्मा नितेश पाठक अर्पित शर्मा मौजूद रहे।

## नहर की पुलिया के पास महिला का मुंह कूंचा शव मिला

**वाराणसीः बड़ागांव** थाना क्षेत्र के दल्लीपुर नहर पुलिया के समीप शुक्रवार को एक वृद्ध महिला का मुंह कूंचा शव मिला। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर छानबीन के बाद पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने संभावना जताई कि लगभग 60 वर्षीय महिला की हत्या कर शव नहर पुलिया के समीप फेंक दिया गया। शव की शिनाख्त न हो, इसलिए सिर और मुंह को पत्थर से कूंच कर हत्यारे फरार हो गए। मौके पर पहुंचे एडीसीपी आकाश पटेल और फॉरेंसिक टीम ने अहरक नहर पुलिया के आसपास देर तक छानबीन और पूछताछ की।

# परिवार के साथ वृंदावन पहुंचे क्रिकेटर विराट कोहली

**आश्रम पहुंच कर संत प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद**

**लोकेश चौधरी**
**वृंदावन।** क्रिकेटर विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ संत प्रेमानंद के रमन रेती क्षेत्र स्थित उनके आश्रम श्रीराधा केली कुंज पहुंचे। यहां उन्होंने संत का आशीर्वाद प्राप्त किया। संत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि विराट कोहली अपने अभ्यास को निरंतर को नियंत्रण रखते हुए आगे बढ़ें। अभ्यास पुष्टि हो गया तो जीत पक्की है। उन्होंने कहा की विजय के लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है एक अभ्यास और दूसरा प्रारब्ध यदि प्रारब्ध नहीं है सिर्फ अभ्यास है तब भी जीत मुश्किल हो जाती है। इसके लिए प्रभु के



ज्ञान के साथ साथ नाम जप आवश्यक है। संत प्रेमानंद ने कहा कि हम साधना के जरिए लोगों को आनंद करते हैं जबकि यह पूरे देश को आनंदित करते हैं। यह भी एक सेवा का मार्ग है। जिस देश का बच्चा बच्चा आनंदित होता है।

इस दौरान अनुष्का शर्मा ने संत प्रेमानंद से प्रेम भक्ति का आशीर्वाद लिया। क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ उनके दोनों बच्चे भी संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लेने उनके आश्रम पहुंचे। कोहली और अनुष्का का प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लाखों लोग तक यह वीडियो सोशल मीडिया पर पहुंच गया। प्रेमानंद महाराज के अधिकार इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया गया। जिसमें कोहली और अनुष्का अपने दोनों बच्चे वामिका और अकाय के साथ प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे हैं। इस दौरान अनुष्का प्रेमानंद महाराज से बात कर रही हैं।

कोहली और अनुष्का इससे पहले भी प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंच चुके हैं और इस बार वे अपने बच्चों के साथ वृंदावन पहुंचे हैं। कोहली और अनुष्का जैसे ही प्रेमानंद महाराज के सामने पहुंचे और सिर झुकाकर प्रणाम किया।

# प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाली निजी बसों के लिए परिवहन कार्यालय के पास बनेगा अस्थायी बस स्टैंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबादः प्रयागराज** महाकुंभ में जाने वाली निजी बसों के लिए मुरादाबाद में थाना मझोत्रा क्षेत्र के एकता कालोनी के पास स्थित परिवहन कार्यालय (आरटीओ आफिस) के पास अस्थायी बस स्टैंड बनाया जाएगा। अस्थायी बस स्टैंड पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह निर्णय शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय में निजी बस स्वामियों और ट्रांसपोर्टरों की हुई बैठक में लिया गया। बैठक में आरटीओ राजेश सिंह ने कहा कि 31 जनवरी तक यातायात सुरक्षा माह चलेगा। इसमें



यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टर चालकों को अधिक गति से वाहनों को चलाने से रोकें। साथ ही यातायात नियमों का पालन कराएं। महाकुंभ को देखते हुए आरटीओ कार्यालय के पास एक अस्थायी बस स्टैंड बनाया जाएगा। जहां से निजी बस और ट्रकों का संचालन महाकुंभ मेले के लिए होगा। अस्थायी बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं रहेंगी। जहां परिवहन विभाग, पुलिस, विद्युत निगम, एमडीए,

नगर निगम, लोक निर्माण समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

## अंगीठी जलाकर ताप रही मां बेटी की हालत बिगड़ी, बेटी की मौत

**बांदाः बांदा** जिले के नगर कोतवाली अंतर्गत ग्राम पडुई में गुरुवार रात कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से 21 वर्षीय युवती प्रियंका की मौत हो गई, जबकि उसकी मां देवकुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना ठंड से बचने के लिए सिगड़ी जलाकर कमरे में तापने के दौरान हुई। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे प्रियंका (21) और उसकी मां देवकुमारी (40) ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में सिगड़ी जलाकर ताप रही थीं। कमरे में खिड़की और वेंटिलेशन का कोई इंतजाम नहीं था, जिससे सिगड़ी से निकली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बाहर नहीं निकल सकी।

# दशकों बाद मथुरा में गन्ना तुलाई को लगा कांटा

**छाता सुगर मिल चालू किये जाने की प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा गन्ने की खेती को बढावा**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। दशकों** बाद मथुरा में गन्ना तुलाई को कांटा लगा है। किसानों से अपील की गई कि वह अपना गन्ना उन्हें काटों पर लाएं। कोल्हू, जूस या गोशाला में गन्न न भेजें। छाता सुगर मिल को चालू किये जाने की प्रक्रिया के तहत किसानों को गन्ना की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है और क्षेत्र में गन्ना की खेती को बढावा दिया जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान पेराई सत्र में जनपद मथुरा के गन्ना कृषकों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आठ जनवरी को त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड चीनी इकाई साबितगढ़ जनपद बुलंदशहर द्वारा जनपद में दो क्रय केन्द्रों बाघर्रा एवं मिलगेट छाता ऐट कामर पर कॉटा स्थापित कर दिया गया है।

दोनों कयकेन्द्रों पर अतिशीघ्र तौल कार्य (गन्ना आपूर्ति) चालू कर दी जायेगी। जनपद मथुरा के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अनुरोध है कि अपने बेसिक सट्टे, बेसिक कोटे के आधार पर निर्धारित कैलेंडर में लगी हुयी पर्ची गन्ना आपूर्ति ई टिकट के अनुसार करेगे। अपनी समस्या का त्वरित गति से समाधान करा लें। कृषक अपना मोबाइल नंबर से एसएमएस पर्ची नम्बर दिखाकर गन्ना तौल करायेंगे। किसानों से कहा गया है कि चीनी मिल साबितगढ़ के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान कोल्हू, जूस, गौशाला आदि में गन्ना आपूर्ति न करें।

# मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गिरफ्तार...

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहजहांपुर**
**पुलिस** और शातिर चोरों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक आरक्षी और एक चोर घायल हो गए। पुलिस ने घायल चोर और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की रात थाना रोजा क्षेत्र में पिपरिया नहर के पास पुलिस और दो शातिर चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान चोरों की तरफ से हुई फायरिंग में आरक्षी राजेश कुमार घायल हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला और



पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में थाना निगोही क्षेत्र के गांव ईशापुर निवासी मान सिंह के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम ने घायल चोर मान सिंह और उसके साथी लाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दोनों चोर नहर के पास अपने साथी का इंतजार कर रहे थे। पुलिस को उनके पास से करीब चार किलो ग्राम चांदी के आभूषण, कुछ नकदी और अवैध हथियार तथा कारतूस बरामद हुआ है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने थाना रोजा क्षेत्र के कैलाश नगर कॉलोनी और जनपद बरेली के थाना देवरनिया क्षेत्र में इसी माह की गई चोरी की घटनाओं को कबूला है। चोरों ने अपने साथी सूरज, खुशहाली, बन्ने उर्फ विश्नुदयाल के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

क्षेत्राधिकारी प्रयांक जैन ने बताया कि मान सिंह एक शातिर चोर है। वह जनपद प्रयागराज के थाना थरवई पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के

# साढ़े दस लाख नगद व 50 लाख के जेवरात बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः बुधवार** को शहर पॉश कालोनी कविनगर में स्टील कारोबार के आवास में चाकू की नोक पर हुई लाखों की नकदी व आभूषण लूट के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले घरेलू नौकर व उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लुटेरों की निशानदेही पर करीब साढ़े दस लाख रुपये व 50लाख रुपये से ज्यादा कीमत के आभूषण बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त (शहर) रामदास गुप्ता निवासी केए-101कविनगर ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लुटेरे उनके आवास में घुसकर चाकुओं की नोक पर करीब 30 लाख की नकदी व जेवरात लूट कर ले गए। उन्होंने अपने घरेलू नौकर चंदन पर शक जाहिर किया था।



रिपोर्ट दर्ज होने के पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले लोगों को तलाश की और आज तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मामले के खुलासे के लिए गठित सभी टीमों के अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना के आधार पर चन्दन कुमार निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार, ओमप्रकाश निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार, सुनील कुमार निवासी ग्राम बारहारा पारा थाना बजीरगंज जिला गोंडा को मुखर्जी पार्क के पास चौकी क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । पुलिस पूछताछ में आरोपी चन्दन ने पुलिस को बताया कि मैं 2 वर्षों से कोठी नं0 केए-101 में नौकरी करता था। पैसे व गहनों कहां रखे रहते हैं, इसके बारे में मुझे पता था। जिसे देखकर मेरे मन में लालच आ गया था। गौरव भईया अपने बच्चों के साथ गोवा घूमने गये थे । घर पर केवल बुजुर्ग रामदास गुप्ता व उनकी पत्नी सुमित्रा गुप्ता ही थे। और घर का सीसीटीवी कैमरा खराब चल रहा था। यह भी मुझे पता था। मैंने यह बात अपने साथी ओमप्रकाश को बतायी ।वह अपने दोस्तों के साथ कोठी नं. केए-101 के पास चाय की दुकान पर 7जनवरी को पहुंचे । हम चारों मिले और रात करीब 08 .45 बजे हमनें घटना को अंजाम दिया और हम लोगों ने आरडीसी राजनगर में जाकर पैसों का बंटवारा कर लिया। आज हम किसी भी प्रकार से बिहार भागने की फिराक में थे लेकिन पैदल लाल कुआं की तरफ जाते समय मुखर्जी पार्क के पास से पुलिस ने पकड़ लिया।

पुलिस ने उनके पास से पएक सफेद धातु का सिक्का, एक अदद घड़ी फोरासेल्स कम्पनी, चांदी के सिक्के 0133, डायमण्ड सात कड़े, गोल्ड की चार पतही छड़ी और 01 चुड़ी, एक ग्रीन मोतियों की माला गोल्ड सहित,एक ब्राउन पीली माला, दो हीरे और गोल्ड के ब्रेसलेट, तीन लर का मांगटीका पीली धातु, तीम मोतियों की माला सफेद धातु, एक सैट गले व कान का सफेद धातु का, दो कान का सहारा पीली धातु, एक नग लाल रंग,कान का टप्स सफेद धातु (2) मोती सहित, एक सफेद मोती का हुक, एक अंगूठी व 4 बिछुआ चांदी का, एक बड़ा कटोरा चांदी का 10लाख 49हजार 535 रुपये नगद बरामद किया है।

# विद्युत विभाग ने एक ही गांव में 40 कनेक्शन

## 10 हजार से अधिक के बकायदारों के खिलाफ की गई कार्यवाही

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। विद्युत** विभाग ने बिजली चोरी और बिल बकायेदारों से राजस्व की वसूली करने के लिए उपखंड अधिकारी शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में जेई अश्वनी यादव ने अभियान चलाकर 24 घरों के बिजली कनेक्शन विच्छेदित किए। चेतावनी दी कि यदि कोई उपभोक्ता केबिल कट करके, मीटर वाईपास या अन्य संसाधनों ने बिजली चोरी करता हुआ पाया जाता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। विभाग द्वारा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बृहस्पति को विद्युत विभाग ने कस्बा चौमुहां के जुझार

**कार्यवाही**

▶▶ अपील करते हुए कहा कि ओटीएस योजना एक जनवरी से 15 जनवरी तक जारी है

मुहल्ला में एसडीओ शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में जेई अश्वनी यादव ने चैकिंग अभियान चलाया। बिजली विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसडीओ शुभम अग्रवाल ने बताया कि 10 हजार से ऊपर वाले बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत कनेक्शन विच्छेन की कार्यवाही की जा रही है। बृहस्पति को 40 उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदित किए गए हैं। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि ओटीएस योजना एक जनवरी से 15 जनवरी तक जारी है। इस योजना में बकाएदार उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन कराकर बिजली के बिल की ब्याज में शतप्रतिशत में छूट प्राप्त कर आसान किस्तों में अपना बकाया बिल जमा कर सकते हैं। अवसर ,लाइनमैन गुलशेर खान,संजू, डब्बू सोनी, आदि उपस्थित रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## सांबा पुलिस ने गोवंश तस्करी की कोशिश नाकाम की

**सांबा**
गोवंश तस्करों और उनके समर्थकों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए सांबा पुलिस ने पुलिस स्टेशन घगवाल के अधिकार क्षेत्र में गोवंश तस्करी की कोशिश को नाकाम किया और गोवंश तस्करों के चंगुल से 12 गोवंश को बचाया। पुलिस ने गोवंश के अवैध परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे वाहन को भी जब्त किया। एसएचओ पीएस घगवाल के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन घगवाल की एक पुलिस टीम ने एनएचडब्ल्यू नाका तपयाल में वाहन चेकिंग ड्यूटी के दौरान कठुआ की तरफ से आ रहे एक ट्रक को चेकिंग के लिए रोका जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूके17सीए-6084 था। वाहन की जांच के दौरान उसमें 12 गोवंश लदे हुए पाए गए जिन्हें क्रूर तरीके से बांधा गया था और बिना किसी वैध अनुमति के अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। सभी बचाए गए गोवंश को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। थाना घगवाल में एफआईआर संख्या 04/2025 यू/एस 223 बीएनएस, 11 पीसीए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## जाटों के नाम पर आप कर रही भ्रम की राजनीति: बीजेपी

**नई दिल्ली: भारतीय जन**ता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के जाटों को उनका हक नहीं दिया और अब दिल्ली में भ्रम की राजनीति कर रही है। दिल्ली का जाट इस बात को समझ चुका है कि उनको केजरीवाल सरकार के कारण ही आरक्षण नहीं मिला है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद कमलजीत सहरावत ने पूछा कि आम आदमी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार के 10 वर्षों के दौरान केजरीवाल ने जाट आरक्षण की बात क्यों नहीं की? अरविन्द केजरीवाल बताएं कि जाट समाज के किसी किसान परिवार में जन्मे व्यक्ति को उन्होंने राज्यसभा क्यों नहीं भेजा? भाजपा सांसद सेहरावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस विषय को लेकर दिल्ली विधानसभा में कोई चर्चा ही नहीं की।

# वक्फ बोर्ड को भू-माफिया बोर्ड न बनाएं: योगी

### दिल्ली में जितना अधिकार केजरीवाल का उतना अन्य राज्यों से आए लोगों का: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा यूपी और बिहार के लोगों के फर्जी वोटर वाले बयान पर सीएम योगी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली में जितना अधिकार अरविंद केजरीवाल का है उतना ही अन्य राज्यों से आए हुए लोगों का भी है। लोग दिल्ली की सुविधाओं और विकास में महत्तवूर्ण योगदान देते हैं। सीएम योगी शुक्रवार को प्रयागराज में एक निजी चैनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दूसरे राज्य के नागरिक को दिल्ली का मतदाता बनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति दिल्ली में सरकार की भी किसी प्रकार की सेवा से जुड़ा है तो उसे मतदाता बनने का अधिकार है। इसके अलावा दिल्ली के निर्माण में लगे श्रमिक वर्ग हो या व्यवसायी हो,



राजनेता हो या अन्य प्रोफेशनल सभी का दिल्ली पर उतना ही अधिकार है जितना अरविंद केजरीवाल का है। मतदाता बनाने काम चुनाव आयोग के हस्तक्षेप से होता है इसमें किसी सरकार का कोई रोल नहीं है। केजरीवाल ने संवैधानिक संस्था पर प्रश्न उठाया है।

**हजारों वर्षों की विरासत जुड़ी है कुम्भ की प्रचीन परंपरा- सीएम योगी**
महाकुम्भ के आयोजन की जमीन पर विवाद खड़ा करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा कि जिन्हें विकास पसंद नहीं वही लोग विवाद खड़ा कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कुम्भ की परंपरा प्राचीन है, यह हजारों वर्षों की विरासत के साथ जुड़ी हुई है। हम किसी मत और मजहब के खिलाफ नहीं है, लेकिन अगर कोई 1400 वर्षों के इतिहास वाले इस्लाम को हजारों वर्षों की विरासत पर थोपने का प्रयास करेगा तो यह किसी को स्वीकार नहीं होगा।
सीएम योगी ने कहा कि जिनको विकास पसंद नहीं है ऐसे लोग

**साधा निशाना**
▸▸ दूसरे राज्यों से आए लोगों का दिल्ली के विकास में है महत्तपूर्ण योगदान- सीएम योगी
▸▸ हजारों वर्षों की विरासत जुड़ी है कुम्भ की प्राचीन परंपरा- सीएम योगी

माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ये भव्य आयोजन में व्यवधान पैदा करने की मानसिकता है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग कुम्भ के भू-भाग को वक्फ की भूमि बताकर इसे लेने का दावा कर रहे हैं, वह मानसिकता किसी पवित्र उद्देश्य से नहीं हो सकती। यह किसी अच्छे आयोजन में व्यवधान पैदा करने का कुत्सित प्रयास हो सकता है, यह कुदृष्टि किसी भू-माफिया की हो सकती है। इसलिए वक्फ बोर्ड को भू माफिया बोर्ड न बनाएं।
सीएम योगी इशारों-इशारों में समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके वक्त जमीनों पर कब्जे हुए इस विवाद के पीछे वही लोग हैं। इनके आकाओं का कहना ही है जो प्लाट खाली है, वो प्लाट हमारी हैये नारा पहले भी लगते रहे हैं। लेकिन उनके मंसूबे सफल नहीं होंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से आज प्रयागराज नए रूप में सभी के सामने है- योगी**
सीएम योगी ने कहा कि इस बार महाकुम्भ का आयोजन 10 हजार एकड़ जमीन पर हो रहा है। इसके अलावा 5 हजार एकड़ में अन्य पार्किंग की जगह आरक्षित की गई है। सीएम योगी ने कहा कि जब देश गुलाम था तब मुगलों और अंग्रेजों ने कुम्भ के आयोजन पर अनेक रोड़े अटकाने का प्रयास किए थे, वे यहां से वसूली करते थे। लेकिन आजादी के बाद भी कुम्भ को अच्छी सुविधा नहीं मिल पाई।

## सीएम योगी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की विशेष शटल बसों और अटल सेवा नाम से इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुम्भ में हिस्सा लेने आ रहे श्रद्धालुओं को परिवहन की बेहतर सुविधा देने के मकसद से नई बसों को परिवहन निगम के बेड़े में शामिल किया गया है। परेड क्षेत्र में 100 बसों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह, नन्द गोपाल नंदी और स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

**मार्ग की सुंदरता देख अभिभूत हुए सीएम योगी, पैदल चलकर लिया अहसास**
प्रयागराज दौरा पूरा कर जब सीएम योगी वापस एयरपोर्ट लौट रहे थे तब अचानक वह गाड़ी से उतरकर रोड पर चलने लगे। उनको उतरता देखकर सभी मंत्री और अधिकारी भी गाड़ियों से उतरकर साथ हो लिए। सीएम योगी के चेहरे के भाव स्पष्ट इशारा कर रहे थे कि वह एयरपोर्ट मार्ग की सुंदरता से प्रभावित हैं।
उन्होंने पैदल चलकर मार्ग का निरीक्षण किया और फिर मार्ग में लगे पौधों को भी निहारा।

## सीएम ने किया उत्तरायणी कौतिक मेले का भव्य शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खटीमा के टीडीसी मैदान में आयोजित उत्तरायणी कौतिक मेले का शुभारंभ किया। कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा आयोजित इस मेले में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने उत्तरायणी कौतिक में उपस्थित जनसमुदाय को उत्तरायणी, मकर संक्रांति, घुघुतिया त्यौहार व लोहड़ी की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि



इस मेले से उनका भावनात्मक जुड़ाव है और यहां आकर लगता है जैसे वे अपने परिवार के बीच आये हैं। उन्होंने कहा कि इस उत्तरायणी मेले में जहां एक ओर सांस्कृतिक नृत्य और गायन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड की लोक कलाओं और पारंपरिक गीतों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर, मेला प्रारंभ होने से पहले निकलने वाली भव्य झांकियों से देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की

**प्रतिबद्धता**
▸▸ सांस्कृतिक विरासत और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही, इस मेले में हैंडीक्राफ्ट और कुटीर उद्योगों के विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए मंच प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का प्रयास भी किया जाता है।

## हाई कोर्ट ने जिलाधिकारी को किया तलब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल। हाई कोर्ट** ने कालागढ़ डैम के आसपास बने भवनों को ध्वस्त किये जाने के मामले में जिलाधिकारी पौड़ी के आदेश पर रोक बरकरार रखते हुए जिलाधिकारी को 11 फरवरी को तलब किया है। कोर्ट ने जिलाधिकारी को शुक्रवार को ही कोर्ट में पेश होने को कहा था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। जिस पर हाई कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई। शुक्रशार को मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र एवं वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सनुवाई हुई। मामले के अनुसार कालागढ़ विकास एवं

**सुनवाई**
▸▸ कोर्ट ने जिलाधिकारी को शुक्रवार को ही कोर्ट में पेश होने को कहा था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे

उत्थान समिति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि 1961 कालागढ़ डैम बनाने के लिए वन विभाग ने सिंचाई विभाग को करीब 22 हजार एकड़ भूमि दी थी। तब शर्त रखी गई थी कि जितनी भूमि की डैम के लिए जरूरत होगी, उतनी ही भूमि प्रयोग में ली जाएगी। शेष भूमि वन विभाग को वापस कर दी जाएगी। अभी तक शेष भूमि वन विभाग को वापस नहीं हुई और उसमें टाउनशिप बन गई। जिसके खिलाफ 1999 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर हुई थी। तब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार से अतिक्रमण हटाने को कहा था, लेकिन इस आदेश का पालन नहीं हुआ। जिसके बाद दिसंबर 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने केएन गोदावरन मामले में पुनर्वास व विस्थापन की व्यवस्था के साथ अतिक्रमण हटाने को कहा था। 2017 में यह मामला एनजीटी के समक्ष पहुंचा।




हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज कैथल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते हुए।




## भाजपा ने निकाय चुनाव प्रचार के लिए बनाई रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तराखंड में निकाय चुनाव प्रचार के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 11 जनवरी को कर्णप्रयाग से प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। भाजपा का लक्ष्य इस चुनाव में भी अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखना है। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति ने प्रचार अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री अजेय



कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी और प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्यमंत्री समेत सभी स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी 11 जनवरी को कर्णप्रयाग से प्रचार अभियान का आगाज करेंगे। इसी क्रम में 13 जनवरी को देहरादून के अतिरिक्त 20 जनवरी तक के कार्यक्रम तय कर दिए गए हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भी 12 जनवरी से राज्य निकायों में 40 से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

## यमुनानगर निगम के 22 वार्डों में आठ वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

**चंडीगढ़: हरियाणा** सरकार ने यमुनानगर और करनाल नगर निगम के लिए सीटों के आरक्षण का काम पूरा कर लिया है। दोनों नगर निगमों में 28 जनवरी तक मतदाता सूचियों को भी फाइनल कर दिया जाएगा। यमुनानगर के 22 वार्डों के चार वार्ड 01, 11, 12 और 21 अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें से वार्ड संख्या 11 और 21 एससी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

**सौंदर्यीकरण** किलागेट थाना और दुकानों को शिफ्ट करने के लिये सीएम राईज स्कूल के पास स्थान देखा।

## हैरीटेज थीम पर होगा किलागेट चौराहे का सौंदर्यीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्वालियर:** किलागेट चौराहे का ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग की हैरीटेज थीम पर सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर रुचिका चौहान ने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के साथ किलागेट चौराहे का जायजा लिया। उन्होंने किलागेट थाना और दुकानों को शिफ्ट करने के लिये सीएम राईज स्कूल के पास स्थान देखा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को किलागेट चौराहे के सौंदर्यीकरण के लिये भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुमति प्राप्त करने की कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर



एवं निगमायुक्त ने पैदल चलकर किलागेट चौराहे के आस-पास के स्थल का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही इस बात की संभावनायें भी देखीं कि यहाँ पर सौंदर्यीकरण एवं यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिये कौन-कौन से कार्य कराए जाना जरूरी है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्रीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी किलागेट चौराहे के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विजय राज, सिटी प्लानर पवन सिंघल, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा व कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

**आईपीएच कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा गौरव पुरस्कार : अग्निहोत्री**
**टीम एक्शन इंडिया**
**ऊना। उपमुख्यमं**त्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मान देने के लिए जल शक्ति गौरव पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हर साल उन कर्मियों को प्रदान किया जाएगा जो अपनी सेवाओं में उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए हर घर व खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य को साकार कर रहे हैं।